

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-221 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**फरीदाबाद ,10 नवंबर।** हरियाणा से एक बड़ी खबर सामने आई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यहां एक डॉक्टर के किराए के मकान पर छापा मारते हुए लगभग 300 किलो आरडीएक्स बरामद किया है। इसके अलावा, पुलिस को 2 एके-47 राइफल और बड़ी संख्या में कारतूस भी मिले हैं। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ दिन पहले यूपी के सहारनपुर से अनंतनाग निवासी डॉक्टर आदिल अहमद को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसी जांच के सिलसिले में पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर लिए गए एक कमरे पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीर के डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में यह कमरा किराए पर लिया था। वह यहां खुद नहीं रहता था, बल्कि कमरे का इस्तेमाल सिर्फ सामान रखने के लिए करता था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कमरे से कुल 14 बैग बरामद किए, जिनमें 300 किलो आरडीएक्स, 2 एके-47 राइफल, 84 कारतूस और कुछ रासायनिक पदार्थ मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह कमरा करीब तीन महीने पहले किराए पर लिया गया था।

### मकान की छत गिरी, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**दानापुर ,10 नवंबर।** बिहार से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। इंदिरा आवास योजना के तहत बने एक मकान की छत गिर जाने से एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई। यह हादसा अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस गांव में हुआ। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। सभी के शव मलबे से बरामद कर लिए गए हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान बबलू खान, उनकी पत्नी रौशन खातून, बेटा मोहम्मद चांद, बेटी रूकशार और सबसे छोटी बेटी चांदनी के रूप में हुई है। यह हादसा बीती रात हुआ, जब परिवार रात का खाना खाने के बाद सोने चला गया था। अचानक मकान की छत भरभराकर गिर पड़ी, जिससे पूरा परिवार मलबे में दब गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार के सभी सदस्यों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि जिस मकान की छत गिरी, वह कई साल पहले इंदिरा आवास योजना के तहत बनाया गया था। मकान काफी जर्जर हालत में था और उसकी छत में पहले से दरारें थीं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार इसकी मरम्मत नहीं करवा सका, जिसका नतीजा यह भयावह हादसा बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में ऐसे कई घर हैं जो इंदिरा आवास योजना के तहत बने थे, लेकिन अब उनकी स्थिति भी बहुत खराब है और कभी भी ढह सकते हैं। इससे कई परिवारों की जान को खतरा बना हुआ है।



# कंस्ट्रक्शन के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

**रायपुर, 10 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर के हीरापुर-जरवाय रोड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां कंस्ट्रक्शन के लिए खोदे गए गड्ढे में दो बच्चे डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। यह घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा देर रात हुआ। मृत बच्चों की उम्र 8 और 10 साल थी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से गड्ढे में भरे पानी से बच्चों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान आलोक और सत्यम के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गड्ढा निर्माण कार्य के लिए खोदा गया था और उसमें पानी भर जाने के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम



मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। आज सुबह उन्होंने रिंग रोड के पास चक्काजाम कर दिया और हादसे के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस करेगी एसआईआर की निगरानी

**रायपुर, 10 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

देश के 12 राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। यह एसआईआर को लेकर कांग्रेस की निगरानी समिति की बैठक आज संपन्न हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, निगरानी समिति के संयोजक मोहन मरकाम, प्रभारी सचिवगण एस. संम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए तथा पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, राजेन्द्र साहू, बिरेश ठाकुर, रेखचंद जैन, शैलेश नितिन त्रिवेदी, विनोद वर्मा, महामंत्री सकलेन कामदार, संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, शफी अहमद, कांग्रेस विधि विभाग अध्यक्ष देवा देवांगन शामिल हुये।

बैठक में निर्णय हुआ कि कांग्रेस के बीएलओ पूरी सजगता से इस कार्यक्रम की निगरानी रखेंगे। किसी भी मतदाता का गलत और दुर्भावना पूर्वक नाम नहीं काटा जाये। कांग्रेस के बीएलओ और कार्यकर्ता इसकी निगरानी करेंगे। पूरे एसआईआर के काम प्रदेश में सतत निगरानी के लिये पीसीसी में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा। सभी सदस्य अपने प्रभार लोकसभा में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों से समन्वय स्थापित कर निगरानी करेंगे। जिला एवं विधानसभा स्तर में भी निगरानी समिति का विस्तार किया जायेगा। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से भी मिलेगा तथा समय बढ़ाने की मांग करेगा। दस्तावेज जमा करने और सत्यापन के लिए मतदाता को दी जा रही समय सीमा 1 माह अपर्याप्त है। वर्तमान में राज्य में धान कटाई का समय चल रहा उसके बाद धान बेचने किसानों को सोसायटी में जाना पड़ता है, अतः यह समय बढ़ाना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य जहां चुनाव में पर्याप्त 3 साल का समय है, वहां यह जल्द बाजी क्यों? अतः इस समय सीमा को बढ़ा कर न्यूनतम तीन माह किया जाय ताकि कोई छूटे नहीं।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता की जलने से हुई मौत

**भानुप्रतापपुर, 10 नवंबर।** पूर्व जनपद सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुसऊ राम दुग्गा की जलने से मौत हो गई. आशंका जताई जा रही है कि उन्हें हार्टअटैक आया होगा, जिसके बाद तड़पने से पास में जल रहे अलाव से बिस्तर में आग लगी गई, जिससे बिस्तर में ही उनकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, पुसऊ राम दुग्गा को बीती रात सीने में दर्द महसूस होने पर उन्होंने परिजनों से मालिश करवाई थी. रात में ठंड से बचाव के लिए बिस्तर के समीप अलाव जलाया गया था. देर रात अचानक घर में सामान जलने की आवाज आने पर अन्य कमरों में सो रहे परिजन मृतक के कमरे में पहुंचे.सामने जो नजारा देखने को मिला उससे सबके होश उड़ गए. पुसऊ राम पूरी तरह से जल चुके थे, और मौत भी हो चुकी थी. परिजनों ने कमरे में लगी आग को आनन-फानन में बुझाया, और उसके बाद शव को कमरे से बाहर निकालकर भानुप्रतापपुर पुलिस को सूचना दी. मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा. पुसऊ राम दुग्गा के परिजनों के अलावा जिले में कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं में शोक का माहौल है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता की मौत पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पुसऊ राम दुग्गा की मौत कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है.



# यूपी के सभी स्कूलों में वंदे मातरम् गाना अनिवार्य

**लखनऊ, 10 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थाओं में वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर से इसका ऐलान किया। गोरखपुर में एकता यात्रा के आरंभ से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। हम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान के साथ ही राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का गायन भी उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय, हर शिक्षण संस्थान में अनिवार्य करेंगे जिससे उत्तर प्रदेश के अंदर हर नागरिक के मन में अपनी भारतमाता के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सके। एकता यात्रा की शुरुआत के मौके पर सीएम योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश के विभाजन के लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को जिम्मेदार ठहरा दिया। सीएम योगी ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आजादी का उद्घोष बन गया था। 1896 से 1922 तक कांग्रेस के सभी अधिवेशनों में इसे गाया जाता था लेकिन 1923 में मोहम्मद अली जौहर कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो उन्होंने इसका विरोध कर दिया। वंदे मातरम् गाने से इनकार कर दिया। यदि उसी समय कांग्रेस ने मोहम्मद अली जौहर को हटा दिया होता, वंदे मातरम् का अपमान नहीं सहा होता तो देश का विभाजन नहीं होता। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् का विरोध करने वाले मोहम्मद अली जौहर को हटाने की बजाए वंदे मातरम् में संशोधन की बात की। उसकी ऐसी ही तुष्टिकरण की नीतियों के चलते 1947 में देश का विभाजन हुआ। सीएम ने कहा कि अब जब सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजन हो रहे हैं तो एक बार फिर वंदे मातरम् का विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के एक सांसद ने इसका विरोध किया है। सीएम ने कहा कि यदि हम अपने महापुरुषों का सम्मान नहीं करेंगे तो देश कहां जाएगा। देश में राष्ट्रीय एकता और अखंडता को चुनौती देने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम् इस समय पक्ष और विपक्ष की राजनीति का केंद्र बना हुआ है। महाराष्ट्र की भारत की अगुवाई वाली एनडीए सरकार जहां स्कूलों में पूरा वंदे मातरम् अनिवार्य करा रही है और इसके साथ ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर इसमें कांट-छांट करवाने का आरोप लगा रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस इस गीत पर अपना अधिकार बताते हुए कह रही है कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ही इस गीत को अपना हथियार बनाया था। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए वंदे मातरम् गाने से इनकार कर दिया है।



# दुबई की धार्मिक यात्रा के नाम पर 35 लाख की ठगी

**बिलासपुर, 10 नवंबर।** दुबई की धार्मिक यात्रा कराने का झांसा देकर 35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. टूर एंड ट्रेवल्स चलाने वाले पति-पत्नी ने 10 लोगों से ठगी की है. तारबाहर निवासी शेख अकरम ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई है. मामले में जुर्म दर्ज कर जांच में सिविल लाइन थाना पुलिस जांच में जुटी है. पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शेख अकरम ने रिपोर्ट लिखाई. कटघोरा निवासी वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली वर्ष 2023 में तालापारा तैयबा चौक में टूर एण्ड ट्रेव्लर्स का आफिस चला रहे थे. उनके द्वारा समाज के लोगों को दुबई में धार्मिक यात्रा कराई जाती थी. दंपती ने कुछ लोगों का पासपोर्ट वीजा बनाकर टुंबई में धार्मिक यात्रा कराया. इससे समाज के अन्य लोगों को उनकी कंपनी पर भरोसा हो गया.शेख अकरम और अन्य 9 लोगों ने दुबई में धार्मिक यात्रा करने के लिए कंपनी को 35 लाख रुपये दिया था. पैसा देने के बाद भी धार्मिक यात्रा नहीं कराने पर लोगों ने दबाव बनाया. उसके बाद दंपति कंपनी का दफ्तर बंद कर भाग गए. पीड़ितों ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की. पुलिस ने जांच के बाद शेख अकरम की रिपोर्ट वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है.

# असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध

**गुवाहाटी, 10 नवंबर।** असम की हिमंता बिस्वा सरमा सरकार ने बहुविवाह को लेकर ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने वाले नए अधिनियम को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, ''जो नारी का अपमान करेगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।'' नए विधेयक के अनुसार, बहुविवाह अब संज्ञेय अपराध माना जाएगा, जिससे पुलिस बिना वारंट के आरोपियों को गिरफ्तार कर सकेगी। दोषी पाए जाने पर सात साल तक की कैद का प्रावधान होगा। इस कठोर सजा का उद्देश्य राज्य में बहुविवाह जैसी कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त करना है। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि बहुविवाह की शिकार महिलाएं मुआवजे की पात्र होंगी, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता और सुरक्षा मिल सकेगी। हालांकि, संविधान की छठी अनुसूची के तहत आने वाले अनुसूचित जनजाति समुदायों को इस कानून से छूट दी गई है, उनके सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए।



मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, ''यह कानून महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए है। असम में अब किसी भी महिला के आत्मसम्मान को ठेस नहीं पहुंचाई जा सकेगी।'' उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह कानून लैंगिक समानता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करेगा।

# उमर अब्दुल्ला ने कुरान की कसम खाकर कहा 'मैंने गठबंधन की मांग नहीं की

**श्रीनगर, 10 नवंबर।** जम्मू-कश्मीर की राजनीति में इन दिनों कसम खाने और खिलाने का दौर जारी है। हालात यह हो गई कि विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री तक को कसम खानी पड़ी। बीजेपी के गंभीर आरोपों पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कुरान की कसम खाई है। विपक्षी नेता सुनील शर्मा के आरोपों का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं कुरान की कसम खाता हूं। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया था। दरअसल जम्मू-कश्मीर में विपक्षी नेता सुनील शर्मा दावा था कि 2024 में राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए उमर ने दिल्ली में गठबंधन करने की बात कही थी। सीएम ने रविवार को विपक्षी नेता सुनील शर्मा की बयानबाजी पर सीधा जवाब दिया और उनपर लगाए गए सभी आरोपों का खंडन सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया। उन्होंने कहा कि मैं पवित्र कुरान की कसम खाता हूं कि मैंने 2024 में राज्य का दर्जा पाने या किसी दूसरे कारण से बीजेपी के साथ गठबंधन की मांग नहीं की थी। बडगाम



में एक रैली में सुनील शर्मा ने अब्दुल्ला को सार्वजनिक रूप से यह पुष्टि करने की चुनौती दी थी कि दिल्ली के साथ कोई अघोषित समझौता नहीं हुआ है। सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने ऐसे अवसरवादी प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया था।सुनील शर्मा ने दावा किया था कि 2024 में अब्दुल्ला फिर दिल्ली गए और राज्य का दर्जा बहाल होने पर बीजेपी के साथ सरकार बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पेशकश ठुकरा दी गई। सुनील शर्मा ने अब्दुल्ला को कुरान की कसम खाकर यह चुनौती दी कि वह सरकार बनाने के लिए दिल्ली नहीं गए हैं। उन्होंने कहा कि वो ऐसा नहीं करेंगे लेकिन, आप जहां चाहें, हम शपथ लेकर कहने को तैयार हैं। सुनील शर्मा ने पहले भी कहा था कि अब्दुल्ला ने 2014 में विधानसभा चुनावों में त्रिशंकु जनादेश आने के बाद भी इसी तरह की पहल की थी। अब्दुल्ला ने हाल ही में केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा है कि जम्मू-कश्मीर में केवल उनकी नेशनल कॉन्फ्रेंस ही बीजेपी से लड़ रही है।

# पत्नी ने की पति की हत्या, लाश को सूटकेस में रखा, ट्रेन से भागी

## जशपुर की घटना,महिला गिरफ्तार

**रायपुर, 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के दुलदुला में एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी. हत्या के बाद लाश को सूटकेस में रखकर वो ट्रेन से फरार हो गई. इसके बाद जशपुर पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की, पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपियां ट्रेन से फरार हो रही है. तत्काल इसकी सूचना जशपुर एसपी ने रायपुर जीआरपी एसपी को दी, जिसके बाद लोकोशन के आधार पर महिला किस ट्रेन में है ये पता लगाया गया. जांच में पता चला कि ट्रेन महाराष्ट्र के नासिक के करीब पहुंचने वाली है. इसके बाद रायपुर जीआरपी की टीम ने तत्काल इसकी सूचना आरपीएफ को दी और जानकारी के मुताबिक आरोपियां को मनमाड़ रेलवे स्टेशन में हिरासत में ले लिया है. सूत्रों के मुताबिक महिला अपने पति की लाश को सूटकेस में रखकर जशपुर में ही छोड़कर गई थीं.



# मुंबई से कोलकाता जा रहे विमान का इंजन फेल; हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई ,10 नवंबर।** मुंबई से कोलकाता जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को रविवार देर रात तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान के एक इंजन में गड़बड़ी आने के बाद, पायलट ने फुल इमरजेंसी घोषित की और विमान को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात करीब 11:38 बजे सुरक्षित उतारा गया। उड़ान संख्या स्त्र670 में 170 से अधिक यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कोलकाता के लिए रवाना हुआ था और गंतव्य के करीब पहुंचने ही वाला था जब पायलट ने इंजन में खराबी महसूस की। तुरंत ही हवाई अड्डा प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इमरजेंसी घोषित करते हुए आपात लैंडिंग के लिए रनवे खाली कराया। हवाई अड्डे की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, जिसमें दमकल गाडियां, एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ शामिल थे, को रनवे पर तैनात किया गया था। विमान रात 11:27 बजे सुरक्षित उतर गया और 11:38 बजे आपात स्थिति हटा ली गई।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम अभी तैयार नहीं

## गौतम गंभीर के बयान ने मचाई खलबली

**नई दिल्ली, 10 नवंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 46 सेकंड की क्लिप में कहा, ''यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है तथा हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 वर्ल्ड कप तक पहुंचना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि खिलाड़ियों को फिट रहने का महत्व पता चल जाएगा। हमारे पास उस स्तर पर पहुंचने के लिए अभी भी तीन महीने हैं, जहां हम पहुंचना चाहते हैं।'' टी20 वर्ल्ड कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई।

उन्होंने कहा, ''हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था।'' गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने सीरीज 2-2 से बराबर की।

## एक नजर



### 18 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**भिलाई,10 नवंबर।** 18 वर्ष के बाद फरार वारंटी को रेलवे पुलिस ने पकड़ा है उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 15 हजार रुपए के निजी मुचलके पर रिहा किया गया आरपीएफ भिलाई तीन टीआई मनीष कुमार ने बताया कि रेलवे अधिनियम के वारंटी राम नरेश जायसवाल, पिता मोहनलाल जायसवाल (53 साल) निवासी तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) तथा स्थायी पता ग्राम गुड़ा थाना उचेहरा, जिला सतना (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया वारंटी के विरुद्ध विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था वारंटी के स्थायी पते के आधार पर मतदाता सूची से जानकारी प्राप्त कर मुखबीर के सहयोग से स्थानीय थाना पुलिस उचेहरा के साथ संयुक्त कार्रवाई में वारंटी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी की सूचना वारंटी के परिजनों को दी गई तथा वारंटी को पोस्ट भिलाई लाकर आवश्यक कार्रवाई की गई वारंटी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 15,000 के निजी मुचलके पर रिहा किया गया।

### सन्नी,विक्की पर अपराध दर्ज

**भिलाई, 10 नवम्बर ।** भिलाई सोशल मीडिया पर सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में शिकायत पर दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों सन्नी वर्मा और विक्की के खिलाफ धारा 296, 299, 353 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि सिंधी कॉलोनी निवासी वरुण केवलतानी (22 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सिंधी युवा विंग में प्रभारी महामंत्री हैं सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर भगवान झूलेलाल के खिलाफ दो व्यक्तियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची और समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया है सन्नी वर्मा नाम के भिलाई ट्रांसपोर्टर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में समाज के आराध्य के खिलाफ अपशब्द लिखे इसी तरह रायपुर के रहने वाले ऑटो डील के संचालक विक्की ने अपने इस्टाग्राम हैंडल से उसी पोस्ट पर आपत्तजिनक टिप्पणी की। इसकी जानकारी होने पर सिंधी समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया भारी संख्या में कोतवाली थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे इससे पहले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल ने सिंधी और अग्रवाल समाज के अराध्यों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान जारी किया दोनों समाजों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने भिलाई नगर थाने में अमित बघेल के खिलाफ केस दर्ज किया पुलिस दोनों प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुट गई है ।

### कारपेंटर ने दिल से की शराबबंदी की मांग



**कवर्धा, 10 नवंबर।** कारपेंटर विश्वनाथ सिन्हा ने कहा की में दिल से चाहता हूं की शराब बंदी हो क्योंकि गरीब परिवार , युवाओं में शराब पीने की आदत जो लगातार बढ़ रही है चिंताजनक है ।

### शराबबंदी पर विचार सरकार को करना चाहिए , कई व्यापारियों की राय



**कवर्धा, 10 नवंबर।** कबीरधाम जिले में कई व्यापारियों की राय बन रही है की जिस तरह गरीब परिवार में मजदूरों में शराब पीने की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है इसलिए शराब बंदी पर सरकार को विचार करना चाहिए । बिजनेसमेन चंद्रशेखर चंद्रवंशी , बिजनेसमेन विनोद चंद्रवंशी , बिजनेसमैन हरेंद्र चंद्रवशी ने कहा की सरकार को शराब बंदी पर विचार करना चाहिए और कई महिलाओं ओर छात्राओं ने नाम ना बताते की शर्त पर कहा की शराब बिक्री बंद होगी तो बहुत अच्छा होगा क्योंकि जीतना कमाते है ज्यादा पैसा शराब में खर्च कर देते है । महिलाओं ने कहा नाम मत पूछिए लेकिन शराब बिक्री बंद होगी तो बहुत अच्छा होगा ।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से सुदूर वनांचल ग्राम सरई की बदली तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,10 नवंबर।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल और बैगा बाहुल्य क्षेत्र में विकास की नई किरण पहुंच रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत अब ऐसे दुर्गम गांव भी सड़क मार्ग से जुड़ रहे हैं, जहां पहले पहुंचना बेहद कठिन था। जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम मूड़खुसरी मैदान रोड से सरई गांव तक 0.60 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पूरा किया गया है इस सड़क निर्माण से लगभग 371 की आबादी वाले सरई गांव, जिसमें 51 बैगा जनजाति के परिवार शामिल हैं, अब मुख्य मार्ग और शहर से जुड़ गए हैं। पहले यहां तक पहुंचने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं था। गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाते थे, जिससे ग्रामीणों को आवागमन और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। बारिश के मौसम में स्थिति और भी कठिन हो जाती थी। अब सड़क बनने से गांव की तस्वीर और हालात पूरी तरह बदल गए हैं। एंबुलेंस गांव तक पहुंच जाती है, जिससे आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सुविधा मिल पा रही है। बच्चों को स्कूल, किसानों को बाजार और ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुओं के लिए अब शहर जाना आसान हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से गांव में विकास की नई संभावनाएं खुल गई हैं। अब वाहन सीधे गांव तक आ सकते हैं, जिससे कृषि उपज की बिक्री में सुविधा हो रही है। महिलाएं भी बाजार या स्वास्थ्य केंद्र जाने में आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। वे बताते है कि पहले सड़क नहीं थी तो शहर जाने में आधा दिन लग जाता था। अब 15 मिनट में सड़क तक पहुंच जाते हैं। बच्चे स्कूल आसानी से जा पा रहे हैं और मरीजों को तुरंत एंबुलेंस की सुविधा मिल रही है। ये हमारे लिए बहुत बड़ा बदलाव है।जनमन योजना ने वनांचल वासियों के जीवनधारा बदली है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत यह सड़क निर्माण कार्य न सिर्फ भौगोलिक दूरी मिटा रहा है बल्कि सामाजिक और आर्थिक दूरी भी घटा रहा है। इस पहल से अब वनांचल के लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता संतोष ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में कुल 47 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बाद वर्ष 2024-25 में प्रथम चरण में 12 सड़कें तथा द्वितीय चरण में 17 सड़कें स्वीकृत की गई हैं। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 76 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें से 8 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि अन्य सड़कें निर्माणाधीन हैं और तेजी से प्रगति पर हैं। ई ई एस के ठाकुर ने बताया कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि वनांचल एवं दुर्गम क्षेत्रों के ग्रामीणों को शीघ्र ही बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

# भिलाई निगम सभागार में पीएम आवास योजना की लॉटरी 12 को

**भिलाई, 10 नवम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक) के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार में लॉटरी का आयोजन किया जा रहा है। निगम के अनुसार, इस लॉटरी में वही हितग्राही शामिल होंगे जिन्होंने अपने आवेदन पत्रों को सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत करवा लिया है तथा 10 प्रतिशत अंशदान राशि और बेदखली व्यवस्थापन हेतु 75,000 रु हितग्राही अंशदान राशि निगम कोष में जमा करा दी है। निगम अधिकारियों ने बताया कि लॉटरी पद्धति से आवासों का आबंटन किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों को प्राथमिकता दी जाएगी। अन्य हितग्राहियों को भी लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे। निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि इच्छुक हितग्राही लॉटरी से पूर्व कार्यालयीन अवधि में योजना शाखा में उपस्थित होकर नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर सकते हैं, ताकि वे लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें। नगर निगम भिलाई ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर निगम मुख्यालय के सभागार में उपस्थित रहें और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर पाने का अवसर प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए हितग्राही नगर निगम मुख्यालय की योजना शाखा या प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय (जोन-3) से संपर्क कर सकते हैं।

# एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गंगेश्वर को मिला तीसरा स्थान



**भिलाई, 10 नवम्बर ।** भिलाई के मास्टर एथलीट गंगेश्वर ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने 23वीं एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 800 मीटर रनिंग इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित की जा रही है। भारतीय दल के मैनेजर ताजुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चैंपियनशिप 5 नवम्बर से आरंभ हुई है। इसमें 18 देशों के एथलीट विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में गंगेश्वर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उनका यह प्रदर्शन न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों ने गंगेश्वर को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# हत्या के मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 10 नवम्बर ।** ब्याज के पैसे की लेनदेन संतोष आचारी की हत्या की वजह बनी दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने पिता-पुत्र सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई तापेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि प्रार्थिया वी रानी सोनी (46 साल ) निवासी शीतला नगर दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका पति वेदुरवाड़ा संतोष आचारी सोना चादी एवं ब्याज पर रुपए देने का काम करता था। दादू सोनी को उसके पति ने कुछ रुपए दिया था, जो काफी दिनों से वापस नहीं कर रहा था इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था 7 नवंबर को 3 से 4 बजे प्रार्थिया के पति ने फोन कर बताया कि दादू सोनी से पैसा मांगने की बात पर विवाद हो गया है। दादू सोनी का लड़का अपने साथी को लेकर इसी बात को लेकर वाद विवाद किया है। इसके बाद सुबह करीब 7 बजे अस्पताल से फोन आया कि संतोष आचारी की हत्या हो गई है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर दुर्ग सिटी कोतवाली थाने में धारा 103 (1), 331(8), 111(2) (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबंद कर विवेचना में लिया गया वी. संतोष आचारी से पैसे की लेन देन की बात को लेकर काफी दिनों से उसके साथ विवाद चल रहा था दोनों के बीच पुरानी दुश्मनी थी 7 नवंबर को पुरानी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था इसी बात को लेकर उसका पुत्र तरूण सोनी काफी गुस्सा होकर अपने दोस्त अनिल यादव, मनीष सोनी, हीरा सोनी, अमन तिवारी, राहुल ढीमर, योगेश ठाकुर, श्यामू, धन्नू सेन, अर्पित शर्मा, वी शिवा को बुलाया और ये चैतराम सोनी उर्फ दादू ने मिलकर संतोष आचार्य की हत्या करने की नीयत से उसके घर के दरवाजा को तोड़कर अपने-अपने पास रखे डंडा तथा हाथ मुक्का से मारपीट कर हत्या कर दी ।

# स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाए:कलेक्टर

**दुर्ग,10 नवम्बर।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी एवं संबंधित प्रभारी स्वयं विद्यालयों में जाकर मध्यान्ह भोजन का टेस्ट करेंए ताकि भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए एलपीजी गैस के उपयोग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने खाद्य अधिकारी को सभी स्कूलों में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। साथ हीए जिला शिक्षा अधिकारी को खाद्य अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि जिले के सभी विद्यालयों में शत.प्रतिशत एलपीजी गैस से भोजन बनाया जा सके।इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में फर्स्ट एड किट ;प्राथमिक उपचार किटद्ध अनिवार्य रूप से रखी जाए। उन्होंने ठम्व् ब्लॉक शिक्षा अधिकारीद्ध को निरीक्षण के दौरान स्कूलों की फर्स्ट एड किट की जांच करने के निर्देश दिएए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाइयां एक्सपायर न हों।कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में निकटतम अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र का संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएए ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जहां भी विद्यालयों में मेजर रिपेयर ;ब? मरम्मत कार्यद्ध की आवश्यकता हैए उसे प्राथमिकता से पूरा किया जाए।सभी स्कूलों में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम क्षेत्र के सभी स्कूलों में पानी की व्यवस्था नहीं है तो जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि बच्चों के भोजन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द मिश्राए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए खाद्य अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर निगम आयुक्त भी बनाये गए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

**दुर्ग,10 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु नगर निगम क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने समस्त नगर निगम आयुक्तों को संबंधित निगम क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग के आदेशानुसार जिले के नगर निगम आयुक्त दुर्ग अधिकार क्षेत्र दुर्ग नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई -3 चरौदा अधिकार क्षेत्र भिलाई-3 चरौदा नगर निगम, नगर निगम आयुक्त भिलाई अधिकार क्षेत्र भिलाई नगर निगम तथा नगर निगम आयुक्त रिसाली अधिकार क्षेत्र रिसाली नगर निगम के लिये अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये ।

# एसआईआर के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई

**दुर्ग,10 नवम्बर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2026 हेतु पूर्व में नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के अतिरिक्त नए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन हेतु अतिरिक्त तहसीलदार/ नायब तहसीलदार - 2 पाटन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलेश्वर, 63 दुर्ग ग्रामीण हेतु कार्यपालन अभियंता नगर निगम रिसाली, 64 दुर्ग शहर हेतु सयुक्त कलेक्टर - 1/ डिप्टी कलेक्टर - 1 दुर्ग, उपायुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता - 2 नगर पालिका निगम दुर्ग, 65 भिलाई नगर हेतु सयुक्त कलेक्टर - 2/डिप्टी कलेक्टर -2 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त ज़ोन - 5/कार्यपालन अभियंता - 1 नगर निगम भिलाई, नायब तहसीलदार -3 दुर्ग एवं उपायुक्त नगर पालिका निगम भिलाई, 66 वैशाली नगर हेतु अतिरिक्त तहसीलदार -2/ नायब तहसीलदार- 4 दुर्ग, ज़ोन आयुक्त -3/ कार्यपालन अभियंता -2 नगर निगम भिलाई एवं नायब तहसीलदार -5 दुर्ग तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा हेतु तहसीलदार भिलाई -3, नायब तहसीलदार -1 अहिवारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जामुल को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा (आंशिक) हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार- 1 धमधा तथा 69 बेमेतरा (आंशिक ) हेतु नायब तहसीलदार - 2 धमधा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत धमधा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग ने हर खेत तक पानी पहुँचाकर दुर्ग ने रचा जल क्रांति का इतिहास

**दुर्ग, 10 नवम्बर।** जल ही जीवन, जल ही विकास और हर खेत तक पानी - हर किसान के चेहरे पर मुस्कान के मूलमंत्र पर चलते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य के गठन (वर्ष 2000) के बाद तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग ने बीते 25 वर्षों में सिंचाई विकास, जल संरक्षण, तकनीकी नवाचार और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और राज्य सरकार की कृषक-केंद्रित नीतियों के परिणामस्वरूप, विभाग ने छत्तीसगढ़ को ÷जल आत्मनिर्भर राज्य÷ बनाने की दिशा में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। विभाग की प्राथमिकताएँ स्पष्ट हैं। जल संसाधनों के माध्यम से जल से जनकल्याण सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सिंचाई में समृद्धि, और आधुनिक कार्यप्रणाली द्वारा तकनीक से पारदर्शिता सुनिश्चित करना ही इसका मुख्य ध्येय है। तांदुला जल संसाधन संभाग ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार में क्रांति ला दी है। राज्य निर्माण के समय जहाँ केवल 97 सिंचाई परियोजनाएँ संचालित थीं, वहीं वर्तमान में 118 परियोजनाएँ सक्रिय रूप से क्रियान्वित हैं। नहरों की लंबाई 1148 कि.मी. से बढ़कर 1349 कि.मी. हो गई है, जिससे जल आपूर्ति प्रणाली अधिक विस्तारित हुई है।

## समाचार संक्षेप

### 108 की सेवा ठप, सेवा प्रदाता से जवाब मांगा विभाग ने

**कोरबा, 10 नवम्बर ।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड क्षेत्र के पसान पीएचसी पर आधारित सरकार से अनुबंधित डॉयल 108 एंबुलेंस सेवा लगभग एक महीने से बंद पड़ी है। इसके चलते मरीजों को इसकी सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है।दूरस्थ क्षेत्र के लोग इस सेवा के अभाव में लंबे समय से परेशान हैं। इस पीएचसी को जो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है उनकी उपयोगिता असामान्य कारणों से साबित नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार ने एंबुलेंस संचालन के लिए जीओस के साथ एग्रीमेंट कर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नियुक्त हुए चालक और अन्य कर्मी की सेवाएं इनके संचालन में प्राप्त हो रही है। आपात स्थिति में मरीजों को दुर्घटना स्थल से लेकर घर या कार्यस्थल से अस्पताल लाना और वापस छोडने की है। इस मामले में लंबे समय से 108 संजीवनी पीडितों के लिए वरदान साबित होती रही। खबर के अनुसार लगभग एक महीना हो चुका है जबकि पसान क्षेत्र में यह एंबुलेंस स्थाई रूप से खड़ी हो गई है। इसके पीछे अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं लेकिन ये वापस पटरी पर कैसे आएगी ये बताने वाला कोई नहीं है। इस चक्कर में कुल मिलाकर मरीजों व उनके परिजनों को सरकारी सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।आखिर बात क्या है और ऐसा कब तक चलेगा, इस संबंध में कोरबा के सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी से बातचीत की गई। जिस पर उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से पसान क्षेत्र में 108 के एक्टिव न होने की जानकारी मिली है। हमारी ओर से राज्य सरकार के संबंधित विभाग से इस बारे में पत्राचार किया गया है। इसके साथ ही सेवा प्रदाता कंपनी के प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। दोनों ही स्थितियों में संबंधित बिंदु का परीक्षण करने के साथ एंबुलेंस संचालन को यथावत किया जाएगा।

### 11 नवंबर को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती व परिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**दल्लीराजहरा, 10 नवंबर ।** जायसवाल समाज के संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 11 नवंबर दिन मंगलवार को जायसवाल समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जयंती मनाया जायेगा। पूजन कार्यक्रम जायसवाल भवन वार्ड क्रमांक 19 में सुबह 08 बजे शुरू किया जाएगा। जिसमें भगवान सहस्त्रबाहु बाहु जी व बुढ़िया माई का पूजन किया जायेगा। दोपहर 12 बजे से वार्ड क्रमांक 09 स्थित गायत्री मंदिर में समाज का मिलन समारोह आयोजित होगा। जिसमें समाज के वरिष्ठों का सम्मान कार्यक्रम व भोज का आयोजन होगा। पहली बार इस कार्यक्रम को भव्य रूप में किया जा रहा है।इसमेंदल्लीराजहरा,कुसुमकसा,डौंडी,कच्चे,भानुप्रतापपुर,बडगांव,कांकेर के सभी जायसवाल समाज के सदस्य परिवार सहित सम्मिलित होगे।

### लिटिल मिलेनियम एवं अलास्का पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण

**मनेन्द्रगढ़,10 नवंबर ।** लिटिल मिलेनियम एवं अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत रेलवे स्टेशन मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया। इस भ्रमण में बच्चों का स्वागत मुख्य स्टेशन प्रबंधक एस. के. निर्मल, रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक बी. के. चौधरी एवं कमर्शियल कम टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने बच्चों को टिकट काउंटर की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया और यात्रा के दौरान टिकट अवश्य लेने तथा स्टेशन पर टिकट लेकर ही प्रवेश करने की सलाह दी। इसके पश्चात निरीक्षक बी. के. चौधरी ने रेलवे से जुड़ी सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि बिना टिकट यात्रा करना, पैदल पटरी पार करना या अनावश्यक रूप से ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए विभिन्न धाराओं के तहत सजा का प्रावधान है। साथ ही, उन्होंने बच्चों को स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ेदान का उपयोग करने की समझाइश भी दी।मुख्य स्टेशन प्रबंधक एस. के. निर्मल ने बच्चों को ट्रेन संचालन प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार ट्रेन को स्टेशन पर उपलब्ध खाली लाइन में लाया जाता है और कैसे संकेत प्रणाली के माध्यम से गाड़ियों के आगमन व प्रस्थान को नियंत्रित किया जाता है। साथ ही, मालगाड़ी और यात्री ट्रेन में अंतर भी बताया गया।

# तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का समापन

**भिलाई, 10 नवम्बर ।** भिलाई विद्यालय के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का समापन समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। यह रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें 9 विद्यालयों की 12 टुकड़ियों के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी थीं। उनके स्वागत में महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं मुख्य जिला आयुक्त (स्काउट्स/गाइड्स) श्रीमती शिखा दूबे ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला आयुक्त (स्काउट) एवं प्राचार्य, भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 विजय सिंह पवार ने शिविर गतिविधियों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए तंबू, रंगोली एवं हस्तकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की सृजनात्मकता की सराहना की। अपने उद्बोधन में डॉ. द्विवेदी ने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग जीवन निर्माण की वास्तविक प्रयोगशाला है, जो चरित्र, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करती है। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट्स एवं गाइड्स को पुरस्कृत किया गया। श्रेष्ठ स्काउट, श्रेष्ठ गाइड और श्रेष्ठ टुकड़ी को विशेष सम्मान से नवाजा गया। तीन दिवसीय इस शिविर में प्रतिभागियों ने न्यूनतम संसाधनों में जीवन-यापन, प्राथमिक उपचार, तंबू निर्माण, पायनियरिंग, रंगोली, हस्तकला, समूह नृत्य, कुकिंग एवं म्यूजिकल ड्रिल जैसी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।निर्णायक मंडल में श्रीमती नीता चौरसिया, श्रीमती केशरीन बेग, श्रीमती शकुन्तला द्विवेदी, सुश्री सुमन साहू एवं अनिकेष घोष शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दूबे ने कहा कि यह केवल एक समापन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मनिर्भरता की भावना को आत्मसात करने वाले युवाओं की नई शुरुआत का क्षण है। उन्होंने प्रतिभागियों से इन मूल्यों को जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-11 एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की गाइड्स ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जबकि ई.एम.एम.एस. सेक्टर-6 और सेक्टर-9 की टुकड़ियों ने म्यूजिकल ड्रिल प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष तिवारी एवं शीतल चंद्र शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सुमिता सरकार ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रूबी बर्मन रॉय, प्राचार्या श्रीमती उर्वशी साहू, जिला सचिव श्रीमती सरिता शाक्य, उप प्रबंधक वी.आर. कटियार एवं अशोक सिंह, सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे। रैली के संयोजक श्रीमती कीर्ति लता देशमुख एवं सत्यनारायण साहू थे।



**एक नजर**

## कार्यशाला में ज्यादा मतदाताओं को सूची में जोड़ने पर दिया गया जोर



**तिल्दा नेवरा 10 नवंबर।** शहर मंडल में निवासरत एवं प्रदेश ,जिला, मंडल, मोर्चा ,प्रकोष्ठ, के पदाधिकारी गण शक्तिकेंद्र के प्रभारी ,संयोजक ,सहसंयोजक बूथ के अध्यक्षगण ,बी एल ओ बूथ एजेंट एवं कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थित में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यकर्ताओं से चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता सूची में गृहन विश्लेषण पुनरीक्षण को लेकर अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं से मेहनत कर मतदाओं को अधिक संख्या में जोड़े ओर फर्जी मतदाओ की पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची से हटाए इस विशेष कार्यशाला में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष शिव शंकर वर्मा ने भी जानकारी दी भाजपा के नेता अनिल अग्रवाल। पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किया तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद एव कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के पश्चात वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम गीत सामुहिक गाया गया बैठक में बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्षद उपस्थित थे।

## महुआ शराब बेचते पुलिस ने एक कोचिया किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 08.11.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम धनगांव में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से पॉलिथीन के छोटे-छोटे कुल 296 नग पाउच में ?2,96,00 कीमत मूल्य का 148 बल्क लीटर हांथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र शब्द बोलने वालों पर कार्रवाई की मांग

**तिल्दा नेवरा 10 नवंबर।** शासन को प्रदेश के मुखिया के खिलाफ चल रहे सोशल मीडिया में बयानों का संज्ञान ले कर कार्यवाही करने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र शर्मा की है श्री शर्मा ने कहा



छत्तीसगढ़ प्रदेश एक शांत प्रदेश है और भाई चारे के साथ सब लोग यहां निवास करते है छत्तीसगढ़ की संस्कृति साहित्य और यहां के रीति रिवाज ओर सभी एक साथ सुख और दुख में होते है पहली बार प्रदेश के मुख्य मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया में जो शब्द बोले गए है यह सभी छत्तीसगढ़ वासियों के खिलाफ है कारण प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव सहाय पूरे प्रदेश के मुख्यमंत्री है उनके खिलाफ जिन शब्दों का प्रयोग हुआ है पूरे प्रदेश को अपमानित वाले शब्द है इस की निदा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक विरोध का अधिकार सब को है लेकिन भाषा पर कंट्रोल होना चाहिए इस तरह के शब्द पहली बार सुनने पर दुख लगा है जबकि छत्तीसगढ़ आज देश ओर दुनिया में विकास की ओर अग्रसर है प्रदेश में मुख्य मंत्री विष्णू देव सहाय के नेतृत्व में प्रदेश में बीजेपी सरकार अनेक विकास शील कार्य कर रही है आज बस्तर में लाल आतंक समाप्ति की ओर है तो गांव गांव में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे है।

# पीएमज़ीएसवाय अंतर्गत 8 सड़कों क़ा नवीनीकरण पूर्ण



**बलौदाबाजार, 10 नवंबर।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछने से सुविधाजनक आवागमन के साथ विकास को गति मिल रही हैं। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 5 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से 8 सड़कों का नवीनीकरण कार्य पूर्ण किया गया हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार से पुरेनाखपरी लम्बाई 5.90 किलोमीटर लागत 161.95 लाख, 3 टी 10 से ढनढनी लम्बाई 5.16किलोमीटर लागत 143.47लाख,पड़कीडीह से टेकरी लम्बाई 7.85किलोमीटर लागत 71.56लाख, सेमरिया से एमडीआर 0.78किलोमीटर लागत राशि 5.79 लाख, सूरजपुरा से एमडीआर लम्बाई 0.52 किलोमीटर लागत राशि 3.90 लाख,एल 29 बोरसी से पाटन लम्बाई 1.43 किलोमीटर लागत राशि 0.27 लाख,सुमा से तरेंगा लम्बाई 2.70 किलोमीटर लागत राशि 20.24 लाख एवं डुमरपाली से छतवन लम्बाई 5.15 किलोमीटर लागत राशि 159.58 लाख से सड़क नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है।

## 'हम होंगे कामयाब'अभियान के तहत ज़िले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग सुविधा

**बलौदाबाजार,10 नवंबर।** जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा चलाये जा रहे हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत अब ज़िले के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में अभियान के तहत युवा सहभागिता से सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले के इच्छुक युवाओं को सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, रेलवे, पुलिस भर्ती तथा अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग तथा कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिला कौशल एवं विकास प्राधिकरण की सहायक संचालक एवं डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 22 नवंबर 2025 को शाम 5 बजे तक क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।चयन पश्चात अभ्यर्थियों को अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन के साथ साथ निःशुल्क अध्ययन सामग्री एवं टेस्ट सीरीज की व्यवस्था भी की जाएगी। अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए।अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। चयनित अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

### वैद्यों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लिए आयोजित कार्यशाला में

# औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण एवं वन समितियों की भूमिका पर हुई विस्तृत चर्चा



**बलौदाबाजार, 10 नवंबर।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील की उपस्थिति में रविवार को वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत नेचर कैम्प देवपुर में वैद्यों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों हेतु दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशालामें वनमण्डल के सभी परिक्षेत्रों से आए वैद्य (पारंपरिक उपचारक) एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बलौदाबाजार वनमण्डल की वन समितियाँ राज्य में आदर्श बनें। हर समिति अपने कार्यों में आत्मनिर्भर बने और पर्यावरण संरक्षण, आजीविका सृजन एवं सामुदायिक सशक्तिकरण में उदाहरण प्रस्तुत करे।उन्होंने कहा कि वन विभाग सदैव स्थानीय समुदायों, वैद्यों एवं समितियों के साथ मिलकर कार्य करेगा और आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षण एवं एक्सपोज़र विजिट जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला की शुरुआत में वन विभाग के अधिकारियों एवं वैद्यों को टीमों में विभाजित कर आसपास के वन क्षेत्रों में फील्ड भ्रमण कराया गया। सभी टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र से औषधीय पौधों का संकलन किया और वापसी पर उन पौधों के औषधीय उपयोग, पहचान, संरचना एवं पारंपरिक उपचार में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वैद्यों ने चितावर, हिंगलाज, वन तुलसी, भूईनीम, अर्जुनफ्ल, दूधिया, भूईआवला जैसी अनेक महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों के बारे में बताया और यह साझा किया कि ये पौधे विभिन्न रोगों के पारंपरिक उपचार में किस प्रकार उपयोगी हैं।इसके पश्चात वैद्यों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की। वैद्यों ने औषधीय पौधों के डॉक्यूमेंटेशन, पुस्तिका निर्माण, औषधि सम्मेलन एवं औषधीय शिविरों के आयोजन की मांग रखी। इस पर वनमण्डलाधिकारी ने सभी सुझावों पर सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। भोजनावकाश के पश्चात संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में समितियों के कार्य-योजनाओं, क्रियान्वयन की स्थिति, वित्तीय प्रबंधन एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस सत्र के दौरान सभी वन प्रबंधन समितियों को वर्ष 2026-27 के स्वीकृत कार्यों एवं निधियों की जानकारी दी गई। इसके बाद समितियों से उनके चल रहे एवं प्रस्तावित कार्यों के बारे में अभिमत लिया गया तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। कार्यशाला में उपवनमंडलाधिकारी निश्चल चंद्र शुक्ला, उपवनमंडलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा, सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा वनकर्मी उपस्थित रहे।

**समाचार संक्षेप**

## भुरवाटोला में नए बालोद्यान का किया गया भूमिपूजन



**डोंगरगढ़ 10 नवंबर।** शहर के भुराटोला में नए बाल उद्यान का भूमि पूजन किया गया। ज्ञात हो की राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे के द्वारा सांसदनिधि से 5 लाख रुपए की स्वीकृति बालोद्यान के लिए किया गया था। जिसका भूमि पूजन शनिवार को भरवाटोला में किया गया। भूमि पूजन में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना , महामंत्री विनय बंसल व विनीत यादव ,वार्ड क्रमांक 20 भुरवाटोला के पार्षद हरीश मोटघरे, अनिल पांडे , विश्वनाथ यादव ,जागेश्वर निषाद, संतोष देवांगन , परमिंदर सिंह मोंटी ,मंडल उपाध्यक्ष शरफराज नवाज ,नागेंद्र परिहार , मण्डल कोषाध्यक्ष भागवत (पप्पू) नामदेव , पार्षदगण डी एकेश राव , शिवांगी साखरे,बबीता मलागार, शारदा यादव , रेखा राघोतरे , अनीश निर्मलकर , राजेश कंडरा , आवेश निगम एवं वार्डवासी गण सुमित मरकाम ,शंकर धुर्वे ,जेवियर फिलिप , अनुराधा शर्मा ,अशोक यादव,दुर्गेश यादव,किशन महोबिया ,मुन्ना खान के साथ वार्ड वासियों उपस्थित थे।

## संस्कृत विषय पर दिया गया प्रशिक्षण



**डोंगरगढ़ 10 नवंबर।** संस्कृत एवं शिशु वाटिका विषय पर लाल बहादुर संकुल का चतुर्थ एक दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर,नागतराई (डोंगरगढ़) में आयोजित किया गया। वर्ग की शुरुआत दीप वंदना एवं मां सरस्वती वंदना के पश्चात् की गई । जिसमें प्रस्तोता आचार्य श्री भागवत पटेल द्वारा आचार्य एवं दीदियों को संस्कृत विषय का प्रशिक्षण दिया गया तथा साथ ही श्रीमती वैष्णव दीदी के द्वारा शिशु वाटिका के बारह आयामों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई।आचार्य एवं दीदियों ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से शिशु वाटिका का प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम के अंत में सरस्वती शिशु मंदिर,नागतराई के संस्था प्रमुख श्री ए.आर. पटेल ने वर्ग में उपस्थित समस्त आचार्य एवं दीदियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्रमुख लाल बहादुर के प्राचार्य श्री ढालचंद यादव,बेलगांव विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केवल वर्मा,ढारा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रोहित टांडेकर,मेढ़ा की प्रधानाचार्या श्रीमती रानी देवांगन,आलीवारा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पूरनलाल पटेल एवं लाल बहादुर संकुल के आचार्य एवं दीदियां उपस्थित रहें।

## यातायात पुलिस मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहनचालकों के विरुद्ध रोज कार्रवाई कर रही

**बलौदाबाजार 10 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम मे यातायात पुलिस बलौदाबाजार द्वारा दिनांक 08.11.2025 को मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले वाहन चालक विनय राउत राय उम्र 25 साल निवासी ग्राम भाठागांव थाना सिटी कोतवाली को पकड़ा गया।



## सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन 11 नवम्बर को

**बलौदाबाजार, 10 नवंबर।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने,समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने,और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 11 नवम्बर 2025 को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में ग्राम संकरी से अपरान्ह 3 बजे यूनिटी मार्च प्रारम्भ होगा।कलेक्टर दीपक सोनी ने यूनिटी मार्च के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सरदार पटेल यूनिटी मार्च पद यात्रा डीएव्ही पब्लिक स्कूल संकरी से प्रारम्भ होगी। पद यात्रा ग्राम लिमाही, गोंडखपरी,दशरमा होते हुए अटल परिसर बलौदाबाजार में सम्पन्न होगी।पद यात्रा में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार,भूतपूर्व सैनिक,लोकतंत्र सेनानी, सेवानिवृत्त अधिकारी, समाज प्रमुख, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकगण,पत्रकारगण, व्यवसायिक संगठन एवं उद्योग के प्रतिनिधि सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, स्कूली छात्र -छात्राएं शामिल होंगे।

# चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 नवंबर।** प्रार्थी राजेंद्र यादव निवासी ग्राम रानी सागर वार्ड पलारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.11.2025 की रात्रि 08:00 बजे लगभग वह घर पर था तथा उसका भाई भूपेंद्र यादव भी घर में खाना खा रहा था, जिसे प्रार्थी द्वारा शराब एवं नशापान नहीं करने तथा अपने परिवार का सही तरीके से पालन पोषण करने संबंधी बात बोलकर समझाइस दिया जा रहा था, जिससे आवेश में आकर आरोपी द्वारा तुम कौन होते हो मुझे समझाने वाले, इस प्रकार की बातें बोलकर, जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज कर प्रार्थी के ऊपर बटनदार चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 453/2025 धारा 296,109 बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी भूपेन्द्र यादव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शराब पीने के लिए मनाही करने एवं अन्य बातों की समझाइस देने पर आवेश में आकर अपने भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए, उस पर बटनदार चाकू से प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 08.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शिविर में बंदियों,जेल स्टाफ को कानून की जानकारी दी गई



**डोंगरगढ़ 10 नवंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उप जेल डोंगरगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राधिकरण के अध्यक्ष जी. विजय कुमार होता के निर्देशन में तथा सचिव एडीजे निलेश जगदल्ला और तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ की अध्यक्ष एडीजे श्रीमती प्रतिभा वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में उपस्थित कैदियों एवं जेल स्टाफ को विधिक सेवाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि जिला एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दहेज, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले तथा अन्य नागरिक विवादों का निपटारा निःशुल्क किया जाता है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि आगामी 13 दिसंबर 2025 को डोंगरगढ़ न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लंबित प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निपटारे हेतु पक्षकारों को आमंत्रित किया गया। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के नागरिकों को ध्यान में रखते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा परामर्श केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां ऑनलाइन माध्यम से भी निःशुल्क विधिक परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।इस अवसर पर पीएलवी अशोक कुमार पांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर में जेल के विचाराधीन कैदी एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### आने वाले समय में नपा सहित पूरे जिले में विकास की गंगा बहेगी

# राजस्व मंत्री ने 2 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार, 10 नवंबर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को नगर पालिका बलौदाबाजार में 2 करोड़ 24 लाख 66 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें वार्ड क्रमांक 12 में स्थित रामसागर तालाब का 1करोड़ 97 लाख 96 हजार रुपये से सौन्दर्यीकरण कार्य शामिल है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि रामसागर बलौदाबाजार का प्रतिष्ठित तालाब हैं। इसके अस्तित्व को बचाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि लगभग दो करोड़ से इस तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने भूमिपूजन किया गया हैं। प्रशासन और नगर पालिका साफ-सफाई करा देगा लेकिन उसे बरकरार रखना नगरवासियो की जवाबदेही होनी चाहिए। तालाब में कचडा न डालने की सभी संकल्प लें। इसीतरह घर, दुकान से निकलने वाले कचड़े को सड़क में न फेंके, डस्टबीन में ही डालें। सब मिलकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएं।आने वाले समय में नगर पालिका सहित पूरे जिले में विकास की गंगा बहेगी। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दू शमशान घाट में शेड निर्माण के लिये 10 लाख एवं दुर्गा मंदिर परिसर में शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि रामसागर तालाब शहर का सबसे पुराना तालाब है जिसकी स्थिति दयनीय है।इस तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही सब्जी बाजार सहित विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। नालंदा परिसर का निर्माण प्रारम्भ हो गया है। इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन - भूमिपूजन कार्यो में अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 रामसागर तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य लागत राशि 1करोड़ 97 लाख 96 हजार,विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना (विधायक निधि) वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत (शितला मंदिर के पास) वार्ड क्रमांक 13 में क़क्ष निर्माण लागत राशि 5 लाख, अहाता किचन शेड एवं शौचालय निर्माण (सार्वजनिक सामुदायिक भवन साहू पारा) वार्ड क्रमांक 2 लागत राशि 4.33 लाख,नाली निर्माण (साहू छात्रावास से गोलू जायसवाल, मेन रोड तक) वार्ड क्रमांक 21 लागत राशि 2.49 लाख, शेड निर्माण (सार्वजनिक सामुदायिक भवन साहू पारा के पास) वार्ड क्रमांक 21लागत राशि 6.45 लाख, 13वें वित्त मद वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में दिगम्बर साहू के घर से कन्या शाला तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 8.43 लाख शामिल है इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष,जितेंद्र महले, वार्ड पार्षद गौतम सिंह चौहान सहित अन्य पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# एसआईआर को बुरा बताने की कोशिश

संपादकीय

देश में राजनीति से अछूता कोई विषय नहीं है, हर विषय पर राजनीति संभव है, हर बात पर राजनीति की जा सकती है। कोई काम देश के हित में किया जाए तो उसे राजनीति करके बुरा बताया जा सकता है। देश के कई राजनीतिक दलों को जिससे किसी तरह का नुकसान होता है तो वह उसका विरोध यह कहकर नहीं कर सकते कि इससे उनको राजनीतिक नुकसान होगा, इसलिए वह उस बात का विरोध यह झूठा प्रचार करके, अफवाह फैलाकर करते हैं कि यह तो देश हित में नहीं है, यह तो जनहित में नहीं है। यह तो सत्तारूढ़ दल को फायदा पहुंचाने के लिए है, यह तो किसी को चुनाव में जिताने के लिए किया जा रहा है। देश के सारे राजनीतिक दल यह जानते हैं कि देश में दस बीस साल में एसआईआर कराया जाता है। एसआईआर मतदाता सूची को शुध्द करने के लिए किया जाता है।दस बीस साल में मतदाता सूची को शुध्द इसलिए करना पड़ता है कि देश के बहुत सारे लोग रोजगार के लिए,नौकरी के चलते दूसरे राज्य चले जाते हैं, वह एक जगह मतदाता सूची में नाम नहीं कटवाते हैं और दूसरी जगह मतदाता सूची में नाम जुड़वा लेते हैं।इससे उनका नाम दो जगह मतदाता सूची में हो जाता है।इसका मतलब यह नहीं होता है कि वह चुनाव में दो जगह वोट दे सकता है,वह वोट तो एक ही जगह दे पाता है लेकिन मतदाता सूची में ऐसे लोगों का नाम होने से वोट नहीं डालने वालों की संख्या तो बढ़ती है।इससे वास्तविक वोट प्रतिशत का पता नहीं चलता है। इसके अलावा पांच दस साल में हजारों लोगों की मौत होती है, उनके नाम भी सूची में रहते हैं,एसआईआर में ऐसे लोगों के नाम काटे जाते हैं क्योंकि यह वोट नहीं डालने वाले होते हैं। मतदाता सूची में तो ऐसे लोगों के नाम होने चाहिए जिनकी उम्र 18 वर्ष हो, जो भारत के नागरिक हों। इसलिए एसआईआर में ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उनके नाम भी जोड़े जाते हैं। इसके अलावा एसआईआर इसलिए भी किया जाता है कि देश में आसपास के देशों से जो लोग अवैध रूप आ गए हैं, उनका नाम मतदाता सूची में हो तो दस्तावेज की जांच कर उनको पहचाना जा सके और उनका नाम काटा जा सके और उनको उनके देश वापस भेजा जा सके। यही अवैध वोटर किसी राजनीतिक दल को वोट करते हैं और उसको सत्ता में आने में मदद करते हैं, अवैध वोटरों का नाम कट जाने से किसी राजनीतिक दल को चुनाव में कम वोट मिलेगा और उसके सत्ता में आने की संभावना कम होगी इसलिए खासकर सीमावर्ती राज्यों के सत्तारूढ़ एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। यह अवैध वोटर एक समुदाय विशेष के ज्यादा होते हैं, इसलिए समुदाय विशेष का नाम काटने के नाम पर भी एसआईआर का विरोध किया जाता है। बिहार चुनाव के पहले एसआईआर का विरोध किया गया कि इसका मकसद समुदाय विशेष के लोगों का नाम काटना है और भाजपा को फिर से चुनाव जीतने में मदद करना है। एसआईआर विरोधी सुप्रीम कोर्ट तक गए कि एसआईआर को रोका जाए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर रोक नहीं लगाई क्योंकि यह हमेशा किया जाता रहा है और इसका मकसद मतदाता सूची का शुध्दिकरण है। अगले साल पं.बंगाल में चुनाव है,तमिलनाडु में चुनाव है। यह गैर भाजपा दल सत्ता में है तो एसआईआर का यहां विरोध किया जा रहा है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है तो ऐसे राजनीतिक दल अब सुप्रीम कोर्ट तो नही जा सकते कि एसआईआर पर रोक लगाई जाए। वह यह भी जानते हैं कि यदि वह राज्य में एसआईआर का विरोध करते हैं तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर भी चुनाव के पहले एसआईआर कराया जा सकता है। इसलिए वह अब एसआईआर को जनता के लिए बुरा बताने का प्रयास कर रहे है कि एसआईआर से लोग डर रहे हैं और आत्महत्या कर रहे हैं। पं.बंगाल में किसी की भी मौत हो रही है तो उसका कारण एसआईआर को बताया जा रहा है ताकि प्रचारित किया जा सके कि एसआईआर कराना अच्छा नहीं है, इससे तो डरकर लोग आत्महत्या कर रहे हैं। बहुत सारे लोग जो अवैध तरीके से पं.बंगाल में घुस आए है, वह डरकर मारे वापस बांग्लादेश, नेपाल वापस जा रहे हैं। एसआईआर से वैध वोटरों को डरने की जरूरत नहीं है। एसआईआर से अवैध वोटर डर रहे है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि उनके वापस जाने से मतदाता सूची शुध्द होती है तथा वैध लोगों को वोट डालने का मौका मिलता है।

# अपने विनाश और बर्बादी की पटकथा लिखता कंगाल पाकिस्तान

विदेश

संजीव ठाकुर



स्वतंत्रता के पश्चात ही पाकिस्तान अपनी गलत नीतियों, गलत आर्थिक नियोजन और भारत के विरोध की चालों के कारण आज जर्जर हालत में दक्षिण एशिया के सर्वाधिक कंगाल एवं गरीब देश की श्रेणी में खड़ा हो गया है।

पाकिस्तान अभिनयमेंयह अपने अस्तित्व के सबसे गहरे संकट से गुजर रहा है। आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से वह एक ऐसी अव्यवस्था में डूब चुका है, जहाँ से निकलने के लिए अब केवल आत्ममंथन और दिशा परिवर्तन की आवश्यकता है। कभी इस्लामी एकता और सामरिक शक्ति का दंभ भरने वाला यह राष्ट्र अब अपनी ही गलतियों का शिकार बन गया है। स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान की राजनीति में विकास नहीं, बल्कि विरोध और वैमनस्य की भावना का वर्चस्व रहा है। उसने अपने सीमित संसाधनों और मानवीय क्षमता को शिक्षा, उद्योग और नागरिक विकास में लगाने के बजाय हथियारों, आतंकवाद और सैन्य विस्तार में झोंक दिया। नतीजतन वहाँ लोकतंत्र बार-बार सैन्य तख्तो के नीचे कुचला गया और जनता गरीबी, बेरोजगारी तथा महंगाई की दलदल में धँसती चली गई।इमरान खान की सरकार के तीन वर्ष पाकिस्तान के इतिहास के सबसे गर्त में डूबे हुए वर्ष साबित हुए। आर्थिक स्थिति इतनी विकट हो गई कि रोज़मर्रा की वस्तुएँ भी आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गईं। गेहूं, चावल, आटा, शक्कर और फल जैसी बुनियादी चीज़ें अब विलासिता की श्रेणी में आ गई हैं। पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों ने परिवहन और उद्योग दोनों को प्रभावित किया है, जिससे वस्तुओं की आपूर्ति ठप पड़ गई है। इमरान सरकार के पतन के बाद जनता को उम्मीद थी कि शाहबाज शरीफ कुछ सुधार करेंगे, पर यह सरकार तो और अधिक असमर्थ और दिशाहीन साबित हुई। पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में अब केवल कुछ अरब डॉलर शेष हैं, जिससे सरकार को रोजमर्रा का खर्च चलाने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे हाथ फैलाने पड़ रहे हैं। कराची में बलूच आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में चीनी नागरिकों की मौत के बाद पाकिस्तान का सबसे विश्वसनीय सहयोगी देश–चीन भी उससे दूरी बना चुका है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) की कई परियोजनाएँ ठप हो गई हैं, और आर्थिक सहायता तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। चीन के बाद सऊदी अरब, तुर्की और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी पाकिस्तान की मदद को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस आर्थिक अलगाव ने पाकिस्तान को कूटनीतिक स्तर पर भी हाशिए पर पहुँचा दिया है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और यूरोपीय देशों के साथ उसके संबंध पहले से ही शिथिल थे। भारत के प्रति उसकी कटुता ने उसे दक्षिण एशिया में भी अकेला कर दिया है।इसी बीच पाकिस्तान प्राकृतिक आपदाओं के भीषण दौर से गुजर रहा है। बिजली उत्पादन ठप है, जलस्रोत सूख चुके हैं, और विभिन्न प्रांतों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। बिजली की कमी के कारण पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे सिंध, पंजाब और बलूचिस्तान जैसे प्रमुख कृषि क्षेत्र भयंकर सूखे और भुखमरी का सामना कर रहे हैं। फसलों का विनाश इतना व्यापक है कि अब खेत केवल राख और धूल में बदल चुके हैं। सिंध के मुख्यमंत्री के सलाहकार मंजूर वासन ने स्वीकार किया है कि पानी की कमी और भीषण गर्मी से कपास की पूरी फसल नष्ट हो चुकी है। चावल, गेहूं, गन्ना और आम जैसी प्रमुख फसलें भी झुलसकर बर्बाद हो गई हैं। इस विनाश ने पाकिस्तान की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ दी है। किसान आसमान की ओर देखते हैं, लेकिन वहाँ से राहत नहीं बरसती–सिर्फ धूप और निराशा गिरती है। मीडिया और जनता दोनों ही अब सरकार से पूरी तरह निराश हैं। शाहबाज शरीफ का मंत्रिमंडल अनुभवहीन और विभाजित है, और जनता के मुद्दों से कट चुका है। नवाज शरीफ की सलाहें



अप्रासंगिक साबित हो रही हैं, जबकि शाहबाज शरीफ का प्रशासनिक कौशल इस संकट की गंभीरता के सामने फीका पड़ गया है। राजनीतिक अस्थिरता, आंतरिक आतंकवाद और बढ़ती बेरोजगारी ने आम नागरिक को निराशा के गर्त में धकेल दिया है। पाकिस्तान की मीडिया जो कभी सुधार की उम्मीद कर रही थी, अब सरकार की बखिया उधेड़ने में लगी है। जनता के बीच यह धारणा मजबूत हो चुकी है कि उनके नेता केवल भारत-विरोध के सहारे सत्ता में बने रहना चाहते हैं, न कि जनता की भलाई के लिए शासन चला रहे हैं। पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति आत्मविनाश की पराकाष्ठा है। एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए गिड़गिड़ा रहा है, तो दूसरी ओर अपने ही पड़ोसी भारत के खिलाफ अनर्गल बयानबाज़ी जारी रखे हुए है। शाहबाज शरीफ का यह कहना कि "वह अपनी कमीज बेचकर भी जनता को रोटी देंगे", अब व्यंग्य बड़ा प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि देश के पास रोटी देने की क्षमता तो दूर, बिजली और पानी तक की उपलब्धता नहीं रह गई है। यदि पाकिस्तान को वास्तव में अपनी स्थिति सुधारनी है, तो उसके पास एक ही विकल्प बचा है कि वह अपनी पुरानी दुश्मनी और कट्टर मानसिकता को त्यागकर भारत से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध स्थापित करे। भारत अतीत में भी पाकिस्तान को कपास, गेहूं और चावल जैसी वस्तुएँ रियायती दरों पर उपलब्ध कराता रहा है। भारत ने श्रीलंका जैसे देशों की आर्थिक मदद कर उनके पुनर्निर्माण में सहयोग दिया है। पाकिस्तान चाहे तो उसी मार्ग पर चलकर आर्थिक स्थिरता प्राप्त कर सकता है। पर इसके लिए उसे अपनी नीति, दृष्टि और व्यवहार में आमूल परिवर्तन करना होगा। पाकिस्तान को अब यह समझना चाहिए कि उसकी सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता, उसके खेत और उसके संसाधन हैं न कि उसकी बंदूकें। जब तक वह अपने लोगों को भोजन, रोजगार और शिक्षा नहीं देगा, तब तक उसकी कोई भी सरकार टिक नहीं सकती। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, चीन या सऊदी अरब की सहायता भी तब तक निष्फल रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्वयं आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाएगा।पाकिस्तान की दुर्दशा किसी बाहरी शक्ति की साज़िश नहीं, बल्कि उसके आत्मघाती निर्णयों का परिणाम है। धर्म और कट्टरता के नाम पर नीतियाँ बनाना, आतंकवाद को प्रश्रय देना और भारत के साथ निरंतर वैमनस्य बनाए रखना–यही उसकी सबसे बड़ी भूलें रही हैं। यदि अब भी पाकिस्तान अपने अंधकार से निकलने का साहस दिखाए और लोकतांत्रिक तथा विकासोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाए, तो पाँच से छह वर्षों में वह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लौट सकता है। लेकिन यदि उसने वही पुरानी राह चुनी, तो उसके राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट स्थायी हो जाएगा। आज पाकिस्तान के सामने इतिहास की सबसे बड़ी चुनौती है क्या वह अपने अतीत की गलतियों से सीखकर सुधार का मार्ग अपनाएगा, या फिर स्वयं अपने अंत की पटकथा लिखेगा? यही प्रश्न आने वाले वर्षों में उसकी नियति तय करेगा।

## सू- दोकू क्र.224

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 553 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 224

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. दुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 223 का हल



# राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे और अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी समय निकालेंगे। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके आगे बढ़ना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें परिवार के सदस्यों को साथ लेकर जाना बेहतर रहेगा, जिससे आपके रक्त संबंधी रिश्तों में भी मजबूती आएगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। व्यापार कर रहे लोगों को कुछ बड़े लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। यदि आपने बिना सोचे समझे धन का लेनदेन किया, तो इससे आपका धन फंसने की संभावना है। शेयर मार्केट में भी आप बहुत ही सोच विचार पर धन लगाएं। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर टेंशन रहेगी। आप अपने कामों को पूरा करने की कोशिश में काफी मेहनत करेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। डिजाइनिंग से जुड़े लोगों को कोई अच्छा मौका मिलेगा। आप अपने व्यापार को संभालने की कोशिश में लगे रहेंगे। पिताजी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आप अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखें। कुछ नए लोगों से मिलना जुलना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह** आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। संतान को नौकरी से संबंधित किसी काम के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। कार्य क्षेत्र में आपको किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है। विद्यार्थियों की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। प्रॉपर्टी की खरीद -फरोख्त की योजना बना रहे थे, उसमें भी आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको छोटी-छोटी बातों पर बेवजह उलझनें से बचना होगा और आप अपनी सेहत के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। परिवार में समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी, लेकिन टीम वर्क के जरिए काम करने में कामयाब रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने कामों को कल पर ना टालें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो ही आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी पूजा-पाठ के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। आपको समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है। आप बेवजह बातों को लेकर क्रोध न करें। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिल सकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप अपने कामों को लेकर बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे, तो किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए अनुभवों से लाभ मिलेगा। अध्ययन और आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। विद्यार्थियों की अपनी पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही करने से बचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपका कोई कानूनी मामला सुलझेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें और यदि आप काम को लेकर कोई लोन लेना चाहते थे, तो वह भी आपका आसानी से मिल जाएगा। संतान के शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आप उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर कुछ नए-नए आईडिया आएंगे, जिन्हें आप तुरंत अपने व्यवसाय में लगाएं। सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो आप उसे यदि नजरअंदाज करेंगे, तो ही वह बढ़ सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके दिए गए सुझावों से काफी खुश रहेंगे और आपके प्रमोशन की बात भी पक्की हो सकती है।

**मीन** आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको अपने रिश्तों में समानता लाने की कोशिश करनी होगी। आपको कोई काम को पूरा करने में यदि समस्या रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचने की आवश्यकता है।

## हादसों में केवल लोग मर रहे हैं, बल्कि विकास की रफ़्तार भी घट रही है

# सड़कों पर मौत की रफ्तार पर ब्रेक कब लगेगा?

डॉ प्रियंका सौरभ



भारत की सड़कों पर हर दिन लगभग चार सौ लोग अपनी जान गंवाते हैं। यह आँकड़ा किसी आपदा या महामारी से नहीं, बल्कि हमारी सड़कों पर व्याप्त अव्यवस्था और लापरवाही से जुड़ा है। अनेक योजनाएँ, अभियान और कानून बनने के बावजूद भारत आज भी दुनिया के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु दर वाले देशों में गिना जाता है। सवाल यह नहीं कि सरकार ने कुछ किया या नहीं, बल्कि यह है कि हमने सड़क सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक असफलता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक संस्कृति की भी परीक्षा है। भारत में सड़क सुरक्षा पर चर्चा अक्सर किसी बड़ी दुर्घटना या प्रसिद्ध व्यक्ति के हादसे के बाद तेज होती है, लेकिन कुछ दिनों में सब सामान्य हो जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर जो नीतियाँ बनती हैं, वे अधिकतर काग़ज़ों तक सीमित रह जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत विश्व की कुल सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का लगभग ग्यारह प्रतिशत अकेले वहन करता है, जबकि हमारे पास विश्व की कुल गाड़ियों का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत है। यह असंतुलन किसी भी जिम्मेदार राष्ट्र के लिए चेतावनी है। सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कई गहरे और परस्पर जुड़े कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण है — अवसंरचना की गुणवत्ता और डिजाइन में गंभीर खामियाँ। हमारे अनेक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर संकेतक, डिवाइडर, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा अवरोधक नहीं हैं।

कई बार सड़कों का चौड़ीकरण बिना यातायात प्रवाह के वैज्ञानिक अध्ययन के किया जाता है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सड़कें वर्षा में टूट जाती हैं और वर्षों तक बिना मरम्मत के उपयोग में रहती हैं। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और निम्न गुणवत्ता के कारण लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।

दूसरा बड़ा कारण है — कमजोर प्रवर्तन प्रणाली। भारत में यातायात नियम तो हैं, पर उनके पालन की संस्कृति नहीं है। तेज रफ़्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के यात्रा करना और नशे की हालत में गाड़ी चलाना आम बात है। पुलिस बलों के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही तकनीकी प्रशिक्षण कि वे इन नियमों को सख़्ती से लागू करा सकें। "ई-चालान" जैसी पहलें केवल बड़े शहरों तक सीमित रह जाती हैं, जबकि ग्रामीण भारत में यातायात नियंत्रण लगभग नाममात्र का है। तीसरा कारण है — ड्राइविंग लाइसेंस व्यवस्था की खामियाँ। भारत में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना कौशल का नहीं, बल्कि प्रक्रिया की औपचारिकता का प्रतीक बन गया है। प्रशिक्षण केंद्रों की कमी और भ्रष्टाचार के कारण बिना समुचित परीक्षण के लाइसेंस जारी कर दिए जाते हैं। परिणामस्वरूप असुरक्षित चालक सड़कों पर उतर जाते हैं। कई देशों में वाहन चलाना एक जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है, जबकि भारत में यह केवल एक अधिकार की तरह देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, वाहनों की तकनीकी सुरक्षा प्रणाली का अभाव भी दुर्घटनाओं में मृत्यु का बड़ा कारण है। अधिकांश वाहनों, विशेषकर ट्रक, बस और ऑटो श्रेणी में टक्कर-चेतावनी प्रणाली, एयरबैग, या ऊर्जा-अवशोषक ढाँचा नहीं होता। विकसित देशों में वाहन निर्माण के समय सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य हैं, परंतु भारत में ये केवल महंगे मॉडलों तक सीमित रहते हैं। वाहन उद्योग और नियामक संस्थाओं के बीच जवाबदेही का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है।

दुर्घटना के बाद की स्थिति और भी भयावह है। ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की कमी के कारण घायल व्यक्ति समय पर उपचार नहीं पा पाते। "स्वर्णिम घंटा" यानी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा जीवन बचाने के लिए निर्णायक होता है, परंतु हमारे देश में यह घंटा अक्सर सड़कों पर तड़पते हुए बीत जाता है। ग्रामीण इलाकों में एम्बुलेंस सेवाएँ भी सीमित हैं, और जो हैं, वे ईंधन या स्टाफ की कमी से प्रभावित रहती हैं। सड़क दुर्घटनाओं का आर्थिक पक्ष भी गंभीर है। नीति आयोग के अनुसार, भारत हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग तीन प्रतिशत तक खो देता है। यानी न केवल लोग मर रहे हैं, बल्कि विकास की रफ़्तार भी घट रही है। एक व्यक्ति की मृत्यु परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी क्षति है। यह केवल आँकड़ों की बात नहीं, बल्कि मानवीय जीवन के सम्मान का प्रश्न है। अब प्रश्न यह है कि इस स्थिति को बदला कैसे जाए? सबसे पहले तो सड़क सुरक्षा को प्रतिक्रियात्मक नहीं, निवारक नीति के रूप में अपनाना होगा। इसका अर्थ है कि दुर्घटनाओं के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जो दुर्घटनाओं को रोके। इसके लिए सड़क निर्माण, वाहन प्रौद्योगिकी, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में समन्वित दृष्टिकोण आवश्यक है। पहला कदम होना चाहिए — वैज्ञानिक सड़क डिजाइन और रखरखाव। हर सड़क परियोजना में निर्माण से पहले "सड़क सुरक्षा लेखा-परीक्षण" अनिवार्य किया जाना चाहिए। सड़कें केवल चौड़ी नहीं, बल्कि सुरक्षित और समझदार हों। संकेतक, गति अवरोधक, क्रैश बैरियर और रात्रि प्रकाश जैसे तत्वों को डिजाइन का अभिन्न भाग बनाना होगा। उदाहरण के लिए, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में "शून्य मृत्यु गलियारा" (Zero Fatality Corridor) योजना के तहत मृत्यु दर में पचास प्रतिशत तक कमी आई है।

दूसरा कदम, लाइसेंस व्यवस्था में सुधार। पासपोर्ट सेवा केंद्र की तरह "लाइसेंस सेवा केंद्र" बनाकर पारदर्शी, डिजिटल और कौशल आधारित मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रत्येक चालक को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण से गुजरना अनिवार्य किया जाए। इससे भ्रष्टाचार घटेगा और योग्य चालक सड़कों पर उतरेंगे।

तीसरा कदम, वाहनों में सुरक्षा प्रौद्योगिकी का प्रसार। सरकार को सभी वाहनों में एयरबैग, सेंसर और टक्कर चेतावनी प्रणाली जैसे फीचर अनिवार्य करने चाहिए। "भारत वाहन सुरक्षा मूल्यांकन कार्यक्रम" (भारत एनसीएपी) सही दिशा में है, परंतु इसे प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। चौथा कदम, पैदल यात्रियों और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए सुरक्षित अवसंरचना का विकास। हमारे शहरों में फुटपाथ अक्सर गायब हैं या दुकानों और पार्किंग में बदल जाते हैं। सुरक्षित ज़ेब्रा क्रॉसिंग, फुटओवर पुल और संकेत व्यवस्था से हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। कोपेनहेगन और टोक्यो जैसे शहरों की तरह पैदल और साइकिल यात्रियों के लिए समर्पित मार्ग विकसित करने होंगे। पाँचवाँ कदम, आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को मज़बूत करना। हर पचास किलोमीटर पर ट्रॉमा केंद्र, चौबीस घंटे एम्बुलेंस सेवा और हेल्पलाइन के साथ "राष्ट्रीय दुर्घटना प्रतिक्रिया जाल" तैयार किया जा सकता है। उपग्रह आधारित प्रणाली से एम्बुलेंस को शीघ्रतम मार्ग मिल सकता है। निजी अस्पतालों को दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का दायित्व कानूनी रूप से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही, जनजागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी भी है। विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट अभियान, तथा मीडिया के माध्यम से निरंतर जनसंवाद से व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक कोई भी नीति स्थायी परिणाम नहीं दे पाएगी।

कई देशों में सड़क सुरक्षा को राष्ट्र-निर्माण का अंग माना गया है। स्वीडन की "विजन ज़ीरो" नीति इसका उदाहरण है, जहाँ 1997 से यह लक्ष्य रखा गया कि किसी को भी सड़क पर मरना नहीं चाहिए। इस नीति ने डिज़ाइन, प्रवर्तन और तकनीक के संयोजन से मृत्यु दर को आधे से अधिक घटा दिया। भारत को भी इसी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा, जहाँ मानव जीवन की कीमत सर्वोपरि हो। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि भारत की सड़क सुरक्षा समस्या केवल अवसंरचना की नहीं, बल्कि मानसिकता की भी है। जब तक लोग स्वयं अनुशासन को अपनाने और दूसरों के जीवन का सम्मान करने नहीं सीखेंगे, तब तक कोई भी कानून कारगर नहीं होगा। सड़क सुरक्षा को राजनीतिक नारे से आगे बढ़ाकर सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। भारत आज आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, पर यह विडंबना है कि हर साल लाखों लोग केवल इसलिए मर जाते हैं क्योंकि हमारी सड़कें असुरक्षित हैं। विकास का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब सड़कों पर चलने वाला हर व्यक्ति — चाहे वह चालक हो, साइकिल सवार या पैदल यात्री — स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। समय आ गया है कि सड़क सुरक्षा को "परिवहन मुद्दे" नहीं बल्कि "मानव अधिकार मुद्दे" के रूप में देखा जाए। यह केवल गति की नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का सवाल है। हमें तय करना होगा कि भारत की सड़कों पर रफ़्तार जीने का प्रतीक बने या मरने का कारण।

एक नजर

### आईईडी बम विस्फोट में एक जवान घायल

**जगदलपुर 10 नवंबर।** जिला सुकमा के थाना फूलबगडी क्षेत्रांतर्गत गोगुंडा के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में आज दोपहर एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी दौरान 74 बीएन सीआरपीएफका जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर घायल हो गया। घटना में जवान के पैर में गंभीर चोट पहुंची हैं। घायल जवान को प्राथमिक उपचार प्रदाय कर बेहतर उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयर लिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया है। इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। घटना के सम्बन्ध में माओवादियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही थाना फूलबगडी पुलिस द्वारा की जा रही है।

### बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 14 नवम्बर तक कांकेर में

**कांकेर, 10 नवंबर।** बस्तर ओलंपिक का जिला स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 14 नवम्बर तक कांकेर स्थित पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में तीरंदाजी प्रतियोगिता शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में आयोजित होगी, शेष सभी प्रतियोगिताएं नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को जिला मुख्यालय तक लाने के लिए खुली वाहनों का उपयोग नहीं करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया, साथ ही भोजन, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं पर भी विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए गए। विभिन्न प्रकार के दायित्वों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने कहा गया, क्रीड़ा स्थल पर चिकित्सा दल की ड्यूटी भी लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बताया गया कि बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स-100 मी., 200 मी. और 400 मी., लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपूट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो 4ग100 मी. रिले रेस, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, हॉकी, कराते, व्हॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग तथा महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकस्सी की प्रतियोगिता होगी। जूनियर वर्ग में बालक-बालिकाओं के लिए आयु सीमा 14 से 17 वर्ष निर्धारित है, वहीं सीनियर वर्ग में महिला-पुरूष दोनों वर्ग के लिए आयुबंधन नहीं है।

### उपमुख्यमंत्री गीदम साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों व व्यापारियों से हाल-चाल पूछा

**दंतेवाड़ा 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज रविवार को अपने बस्तर संभाग के दौरे के दौरान गीदम पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय साप्ताहिक बाजार का दौरा किया। अपने सहज और मिलनसार स्वभाव के लिए प्रसिद्ध श्री शर्मा ने बाजार में घूमते हुए ग्रामीणों और व्यापारियों से आत्मीय बातचीत की तथा उनके हाल-चाल पूछे। बाजार में मौजूद स्थानीय व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए बताया कि शासन की नीतियों से अब व्यापार में सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से सामान सस्ते हुए हैं, जिससे उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों को राहत मिली है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि अब नक्सल भय समाप्त होने से वे निडर होकर बाजारों में अपना व्यापार कर पा रहे हैं, और ग्रामीणों तक सही कीमत पर आवश्यक वस्तुएं पहुंच रही हैं। ग्रामीणों ने भी उपमुख्यमंत्री शर्मा के समक्ष शासन द्वारा नक्सल समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की । उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब शांति और विकास की नई सुबह दिखाई दे रही है। नक्सली विचारधारा से भटके युवा अब मुख्यधारा में लौट रहे हैं, जिससे बस्तर में स्थायी शांति की नींव मजबूत हो रही है। श्री शर्मा ने बाजार भ्रमण के दौरान स्थानीय फलों का स्वाद लिया और जनसाधारण से आत्मीयता से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए स्थायी शांति सबसे आवश्यक है, और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर बस्तर संभाग आयुक्त डोमेन सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी भी उपस्थित रहे।

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के क्रियान्वयन के लिए कल होगा शिविर

**जगदलपुर 10 नवंबर।** कोष-लेखा एवं पेंशन संचालनालय द्वारा पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा डिजिटल बनाने के उद्देश्य से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र 4.0 संस्करण जारी किया गया है। जिसके माध्यम से पेंशनर बिना किसी कठिनाई के अपने मोबाईल फोन अथवा कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

# एसआईआर कठिन प्रक्रिया, मतदाता सूची बनाने की इससे दूषित प्रक्रिया हो नहीं सकती:सिंहदेव

**जगदलपुर 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता टीएस. सिंहदेव अपने निजी प्रवास पर बस्तर पहुंचे। मीडिया से भी चर्चा के दौरान एसआईआर पर टीएस. सिंहदेव ने कहा कि मतदाता सूची दूषित है, जितनी जल्दी चुनाव आयोग इसे ठीक करे बेहतर होगा। वर्तमान में एसआईआर हो रहा है वह अत्यधिक कठिन प्रक्रिया है। हर व्यक्ति को फॉर्म भरना है, 2 फोटो चिपकाने होंगे। अब ये बताएं कि अबूझमाड़ के लोग कहां फोटो खिंचवाने जाएं? इस प्रक्रिया के लिए डॉक्यूमेंट अटैच करना है। वहां कहां जाकर फोटो कॉपी करेंगे? जनता के पूरे अधिकार के साथ जो नाम दर्ज होना चाहिए वह आपको बताना पड़ेगा, मेरा नाम जोड़ो। मतदाता सूची बनाने की इससे दूषित



प्रक्रिया हो ही नहीं सकती।

सिंहदेव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कमजोर हो गई है। इसलिए वो कांग्रेस की तरफध्यान दे रही है। पूरे प्रदेश में कोई भी विकास काम नहीं हो रहे हैं, कानून व्यवस्था भी ठीक नहीं है। नक्सल समस्या के संदर्भ में जरूर कुछ कार्रवाई होते दिख रही है। इसके अलावा लोगों में सरकार को लेकर कोई संतोष नहीं है। उन्होने भाजपा के आरोपों को लेकर कहा कि कांग्रेस संगठन के कामों में कोई कमी नहीं दिख रही है। वोट चोरी के संबंध में हस्ताक्षर अभियान को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा कि हर कार्यक्रम में लोग भागीदार बन रहे हैं। मंडलों का गठन हो रहा है, वोट चोरी के संबंध में हस्ताक्षर अभियान भी चल रहा है। हमारे अध्यक्ष हर हफ्ते किसी न किसी कार्यक्रम में दौड़ाते हैं, भाजप सरकार के कारनामें हम उठाते रहते हैं। यदि हमारी उपस्तिथी के बाद भी कमी दिख रही है तो वे लोग आइना देख लें।

### औषधीय पौधों की खोज यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**कांकेर, 9 नवम्बर।** कांकेर वनमण्डल के वन परिक्षेत्र कोरर अंतर्गत शनिवार को उप परिक्षेत्र हाटकर्रा के परिसर बनोली में बी.एम.सी. समितियों का औषधीय पौधों की खोज यात्रा कार्यक्रम रखा गया, जिसमें वन मंडलाधिकारी कांकेर श्री रौनक गोयल, उप वनमंडलाधिकारी कोरर जसवीर सिंह मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोरर बी.एस. सूर्यवंशी की उपस्थिति में वैद्यराज व अन्य प्रोफेसर के माध्यम से जड़ी बूटियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जैव विविधता और उससे जुड़े ज्ञान का संरक्षण, जैविक संसाधनों का संतुलित उपयोग, संसाधनों का प्रबंधन, सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।

# चिकित्सकों के लिए मानव सेवा से बढ़कर और कोई खुशी और आनंद नहीं : विजय शर्मा

- बस्तर संभाग के संवेदनशील ग्रामों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री, विधायक ने की चिकित्सकों से चर्चा

**जगदलपुर 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने संक्षिप्त एक दिवसीय प्रवास के दौरान आज रविवार को स्व. बलिराम स्मृति मेडिकल कॉलेज के चरक सभागार में मेडिकल कॉलेज के अध्ययनरत चिकित्सकों से संवाद करते हुए कहा कि सुरक्षा कैंपों के समीप संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर एक नई पहल है, जो चिकित्सकों को बस्तर क्षेत्र की जनता से जुड़ने के साथ एक अनोखा अनुभव प्राप्त करने का अवसर है। हमारे सुझाव को स्वीकार कर कालेज के डीन और उनकी टीम के द्वारा संवेदनशील ग्रामों में एक-दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया इसके लिए बधाई । इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा देने में जो खुशी-आनंद की अनुभूति होगी, वह पैसा से नहीं खरीदी जा सकती है।



यहां चिकित्सकों के अलावा रायपुर के बड़े-बड़े चिकित्सकों ने बस्तर संभाग के जिलों में आकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। कालेज में तैयार हो रहे नए चिकित्सक भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अपना मनोभाव जरूर बनाएं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए 18 सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्य की सराहना की। साथ ही कालेज में अध्ययनरत बस्तर संभाग के चिकित्सकों से भी उनके जिले की जानकारी के साथ परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर जगदलपुर विधायक किरण देव ने कहा कि सरकार द्वारा बस्तर में शांति बहाली के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जनता के बीच बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल शिविर आयोजित करना भी एक नई पहल का स्वागत है। बस्तर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों का दल जिन्होंने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया उन्हें बहुत बहुत बधाई । बस्तर जैसे प्राकृतिक सुंदरता वाले इलाके में कला, संस्कृति को जानने-समझने के साथ चिकित्सा सेवा देना एक बेहतरीन अवसर मिला । इस प्रकार के कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों को जाना चाहिए, इसका बहुत अच्छा प्रभाव क्षेत्र की जनता को मिलेगा। कार्यक्रम में आई जी सुन्दरराज पी. ने भी चिकित्सकों को बधाई देते हुए आगे की कार्ययोजना पर स्वास्थ्य टीम, मेडिकल कालेज की टीम से चर्चा कर संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, डीन डॉ प्रदीप बेक, अस्पताल अधीक्षक डॉ अनुरूप साहू सहित अध्ययनरत चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रहे अभियानों की जानकारी ली

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बीजापुर प्रवास पर पहुंचे, जहां सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा के इस दौरे को प्रशासनिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। अपने प्रवास के दौरान वे बीजापुर के पुर्नवास केंद्र में आत्मसमर्पित नक्सलियों से मुलाकात कर उनके पुनर्वास और मुख्यधारा में जुड़ाव से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री शर्मा कलेक्टर कार्यालय स्थित इंद्रावती सभाकक्ष में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेंगे, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों की प्रगति और नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रहे अभियानों पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के विकास, सुरक्षा और विश्वास को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है।

### पैसों के लेन-देन को लेकर एनएमडीसी कर्मचारी के आत्महत्या मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा 10 नवंबर।** जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र के एनएमडीसी में कार्यरत कर्मचारी ने लगातार पैसे के लिए बनाए जा रहे दबाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था। जहां पैसों के लेन-देन को लेकर आत्महत्या करने की बात कही थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रामचन्द्र जयसवाल उर्फ चन्दर सेठ निवासी आरईएस कॉलोनी दुर्गा मंदिर एवं राजकुमार साव उर्फ कड़की निवासी मेन मार्केट वार्ड क्रमांक 8, किरन्दुल के खिलाफसबूत पाए जाने पर साक्ष्य सबूत पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## 167 किसानों की फसलें हुई नष्ट, बीमा राशि के लिए दिया आवेदन

जगदलपुर 10 नवंबर। फसल को नुकसान से बचाने जहां कुछ किसान दवाओं के छिड़काव मैं लगे हैं, तो दूसरी ओर कई किसानों ने बीमा कंपनी का दरवाजा खटखटाया है। अब तक 167 किसानों ने बीमा कंपनी को कॉल कर फसलों में बीमारी की जानकारी दी है। अब बीमा कंपनी और कृषि विभाग ने फसलों पर बीमारियों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। उप संचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में तूफान मोंथा का असर नहीं हुआ। कुछ जगहों पर फसलों पर बीमारी की शिकायत आई है। शनिवार को कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारी सर्वे करने के लिए किसानों के खेतों तक गए थे।



#### बास्तानार ज्यादा प्रभावित

फसलों पर कीट प्रकोप की ज्यादा शिकायत बास्तानार ब्लाक के किसानों ने की। बास्तानार ब्लाक के 65, बकावंड, 04, बस्तर 19, भानपुरी 08, दरभा 24, जगदलपुर 11, करपावंड 01, लोहंडीगुड़ा में 22 और तोकापाल ब्लाक में 13 किसान शामिल हैं। यहां कोदो-कुटकी, रागी और धान के साथ मक्का के खेती की गई थी।

#### इन फसलों पर बुरा असर

धान व मक्के के साथ ही रागी और गर कोदो व कुटकी की फसल पर रोगों का प्रकोप होने की जानकारी कशा किसानों ने दी है। सबसे अधिक मात्र कीट व्याधियों का प्रकोप धान की फसल पर हुआ है।

# देश भर में जनवरी से शुरू होगी बाघों की गणना

**जगदलपुर 10 नवंबर।**सरगीपाल डिपो में अखिल भारतीय बाघ आंकलन के लिए वृत्त स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत में बाघ आंकलन का यह छटवाँ चरण है । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाघ आँकलन के साथ-साथ मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्य प्राणी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु गणना किया जाना है। यह गणना वर्ष 2026 के जनवरी से अप्रैल माह तक पूरे भारत मे पूर्ण की जाएगी ।प्रशिक्षण कार्यक्रम आलोक तिवारी, भा.व.से. मुख्य वनसंरक्षक जगदलपुर वृत्त जगदलपुर एवं स्टायलो मण्डावी मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं क्षेत्रीय निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक की गयी।



#### एंड्रायड मोबाइल से होगी गणना

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित एनटीसीए से नन्दकिशोर काले, डॉ. अनिल देशलहरे एवं वाइल्ड लाइफ से छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक डॉ. अनुप के द्वारा बाघ, तेंदुआ, भालू, लकड़बग्गा आदि मांसाहारी जीव एवं गणना एंड्रॉयड मोबाइल के बनभैंसा, गौर आदि विशालकाय जीव के माध्यम से की जायेगी। प्लेंडी एवं मल गणना, वनस्पति, वृक्ष, झड़ी, खरपतवार, शाखीय पौधे की गणना मानवीय व्यवधान का सर्वे एवं कैमरा ट्रैपिंग का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त गणना एंड्रॉयड मोबाईल के माध्यम से की जाएगी । प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन वृत्त जगदलपुर एवं इन्द्रावती टायगर रिजर्व वन्यजीवन वृत्त जगदलपुर एवं वन विकास निगम के समस्त वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी, सहायक वनसंरक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक एवं पट्रोलिंग गार्ड उपस्थित हुए।

### 25 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 280 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

# बस्तर जोन को ओवर आल चैंपियन का खिताब मिला

**कांकेर, 10 नवंबर।** शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में आज 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं सरगुजा जोन के 280 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम थे तथा विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा और पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले विशेष रूप से उपस्थित थे।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक श्री आशाराम नेताम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और उसमें आगे बढ़ें। आपने इस प्रतियोगिता के माध्यम से जो पहचान बनाई है, उसे आगे भी बनाए रखना है। प्रतियोगिता में जो विजेता बने हैं उन्हें शुभकामनाएँ और जो विजयी नहीं हुए हैं वे निराश न हो, क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी होता है तथा अनुशासन और लगन से आगे सफलता मिलती है।



छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है, आपने इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं। पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले और श्री महेश जैन ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा खेल को दैनिक जीवन में आवश्यक बताया। कार्यक्रम में सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया।

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के परिणाम - क्रिकेट बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर - सरगुजा जोन, द्वितीय - बिलासपुर जोन और तृतीय - दुर्ग जोन रहा। इसी प्रकार हैंडबॉल बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम - बस्तर जोन, द्वितीय - रायपुर जोन तथा तृतीय - सरगुजा जोन। खो-खो बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम - दुर्ग जोन, द्वितीय - बस्तर जोन एवं तृतीय - बिलासपुर जोन तथा खो-खो बालक 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम - बस्तर जोन, द्वितीय - दुर्ग जोन एवं तृतीय - बिलासपुर जोन रहा। बस्तर जोन को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला।

समापन समारोह कार्यक्रम में जेपी इंटरनेशनल स्कूल एवं कन्या आश्रम सिंगारभाट द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं शासकीय स्व. रामकुमार कन्या आवासीय विद्यालय कांकेर व शासकीय कन्या आश्रम सिंगारभाट के छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पार्षदगण, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पीटीआई शिक्षक, सभी पांच जोन के प्रभारी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

### नपा क्षेत्र में हो रहा अतिक्रमण, सुमित्रा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**दंतेवाड़ा 10 नवंबर।** जिले में भाजपा सरकार आने के बाद अतिक्रमण का मामला लगातार बढ़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के हुडको कालोनी में नजूल जमीन पर पूर्व पार्षद द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस नेत्री सुमित्रा सोरी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा समर्थित पूर्व पार्षद लता मरकाम द्वारा नजूल जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। लता मरकाम द्वारा मुनाफा कमाने अपने परिजनों के नाम से अलग-अलग जगहों पर कब्जा कर उसे बिक्री कर या फिर घर बनाकर किराया में दिया जा रहा है। सुमित्रा सोरी ने कहा कि जानकारी मिली है कि चुड़ीटिकरा में भी नजूल जमीन घेर कर उसे लता मरकाम द्वारा कब्जा कर लिया गया है। श्रीमती सोरी ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्रों में भाजपा नेता अपने परिजनों को बुलाकर कब्जा करवा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी भाजपा नेताओं को अतिक्रमण करने की छूट भी दी गई है। सुमित्रा सोरी ने बताया कि नगर पालिका दंतेवाड़ा में सिर्फ जमीन अतिक्रमण तक बात नहीं है बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार भी चल रहा है। अपने चेहते ठेकेदारों को सिर्फ काम दिया जा रहा है। नपा अध्यक्ष पायल गुप्ता द्वारा समस्याओं को समाधान करना छोड़ भ्रष्टाचार करने में लगी हुई है। ज्ञापन में नजूल जमीन कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग रखी गई है। सुमित्र सोरी ने आगे कहा कि जल्द ही हम एक टीम बनाकर नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जों पर रोक लगाने प्रयास करेंगे। इस दौरान कनक बघेल, कमल सोनानी, सुकमती, सुशीला यादव, किरण, बीपी मिश्रा, उर्मिला पाल, रूपधर बघेल समेत अन्य उपस्थित थे।

### मालवाहक वाहन पर स्कूली बच्चों को बैठाने पर चालक पर की करवाई

**दंतेवाड़ा 10 नवंबर।** भांसी थाना प्रभारी प्रहलाद साहू द्वारा मालवाहक वाहन छोटा हाथी TATA ACE क्रमांक CG.18 R5013 पर सवारी/स्कूली बच्चों को बैठा कर ले जाने वाले वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्यवाही करते हुए 5000/00 (पांच हजार रुपये) का चालान काटा गया। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भांसी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू द्वारा यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले मालवाहक वाहन छोटा हाथी TATA ACE क्रमांक CG.18 R5013 पर सवारी/स्कूली बच्चों को बैठा कर ले जाने वाले वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्यवाही करते हुए 5000/00 (पांच हजार रुपये) का चालान काटा गया! साथ ही साथ समझाईश दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार की गलतियों का पुनरावृत्ति न करें जिससे जान माल की हानि हो। वाहन एवं वाहन चालक से कहा गया है को रोड में वाहन चलाते वक्त समस्त आवश्यक दस्तावेज साथ रखें।




### अबूझमाड़ के ग्रामीणों ने अपने प्रयासों से सड़क की मरम्मत कर आवागमन सुलभ बनाया



**नारायणपुर 10 नवंबर।** जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपने प्रयासों से लगभग 12 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत कर आवागमन सुलभ बना दिया है। लंबे समय से खराब स्थिति में होने के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे, ग्रामीण, किसान और वाहन चालक सभी प्रभावित हो रहे थे। इससे परेशान तीन गांवों के ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान के माध्यम से सड़क सुधारने का अभियान शुरू किया। ग्रामीणों ने अपने श्रम से गड्ढों को भरने और सड़क की सतह को समतल करने का काम किया। उनका कहना है कि यह पहल केवल अपनी सुविधा के लिए नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए की जा रही है। इससे आपातकालीन स्थिति में भी मदद पहुंचाने में आसानी होगी।

### ग्राम कलंगपुरी में दो महीने से खराब सोलर पंप नही बना, पेयजल संकट

**कांकेर 10 नवंबर।** जिले के दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम कलंगपुरी में पिछले दो महीने से सोलर पंप खराब होने के कारण ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं । पंप मरम्मत के लिए ले जाया गया था, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी इसे गांव में वापस नहीं लाया गया है। इस कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए तालाब पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने योग्य पानी का कोई दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार

**रायपुर, 10 नवंबर।** धरसीवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां अमर जवान पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रही महिला की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे हुआ। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही धरसीवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक का सुराग लगाया जा सके। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### तिवरैया मोड़ के पास कार की चपेट में आए वृद्ध की मौत

**रायपुर, 10 नवंबर।** धरसीवा तिवरैया मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय मनीराम वर्मा की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ, जब सड़क किनारे सो रहे मनीराम पर एक कार चालक ने वाहन चढ़ा दिया।मृतक की पहचान मनीराम वर्मा पिता लग्गूराम वर्मा, निवासी गोढ़ही के रूप में हुई है। वह तिवरैया मोड़ के पास पान ठेला चलाते थे और दोपहर के समय वहीं आराम करने लेटे थे। तभी इंद्र कुमार पिता मंतराम, जो उसी गांव का रहने वाला है, अपनी कार चलाना सीखते समय नियंत्रण खो बैठा और वाहन मनीराम पर चढ़ गया। गंभीर रूप से घायल मनीराम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक और कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इंद्र कुमार ने यह कार अभी हाल ही में दिवाली के समय खरीदी थी और वह इसे चलाना सीख रहा था।

### फसल चक्र परिवर्तन से किसानों की आमदनी में होगा इजाफा

**रायपुर, 10 नवंबर।** राज्य में किसानों की आमदनी बढ़ाने और कृषि में लागत कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में धमतरी जिले में भूमि एवं जल संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से फसल चक्र परिवर्तन अभियान को गति दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहनी, तिलहनी, लघु धान्य एवं मक्का जैसी कम जल की जरूरत वाली फसलों की खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। धमतरी जिले में फसल चक्र परिवर्तन पर जोरधमतरी जिले में करीब 1 लाख 58 हजार 180 कृषक हैं, जो कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं। जिले में मुख्य सिंचाई का साधन नहरें हैं। साथ ही करीब 30 हजार नलकूपों से भूमिगत जल का उपयोग भी किया जाता है। इससे जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा किसानों के बीच जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## PICTURE-स्टोरी




रायपुर, 10 नवम्बर। कहते हैं कि चौक-चौराहों तथा बिजली के खंबों पर पोस्टर-बैनर लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। महापौर मीनल चौबे ने खुद ही अपने पोस्टर को निकलवा दिया था। कहना कुछ नहीं है, केवल यह बताना-दिखाना है कि यह तस्वीर राजधानी के खालसा स्कूल के सामने स्थित चौराहे की है।

# मुख्यमंत्री साय ने स्टेट हैंगर से विमान सेवा का किया शुभारंभ

## पहली उड़ान से हुए गुजरात रवाना



**रायपुर, 10 नवम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर, माना कैम्प के समीप स्टेट हैंगर के नियमित परिचालन का शुभारंभ किया. शुभारंभ के पश्चात मुख्यमंत्री साय अपने गुजरात प्रवास हेतु इसी हैंगर से रवाना हुए.

स्टेट हैंगर के शुरू होने से राज्य के विशेष विमान से वीवीआईपी आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्थाएं अब और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हो जाएगी. इस पहल से एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल पर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम यात्रियों को होने वाली असुविधा भी समाप्त होगी. उल्लेखनीय है कि स्टेट हैंगर का निर्माण वर्ष 2012 में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 6.50 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया था. हालांकि, इसके परिचालन के लिए आवश्यक डीजीसीए और बीसीएएस की विभिन्न अनुमतियां 31 अक्टूबर 2025 को प्राप्त हुई, जिसके बाद अब हैंगर का नियमित परिचालन आरम्भ किया गया है.

नवनिर्मित स्टेट हैंगर को टैक्सी वे 'ई' के माध्यम से एयरपोर्ट रनवे से जोड़ा गया है, जिससे वीवीआईपी मूवमेंट अधिक सुगमता से हो सकेगा और एयरपोर्ट परिसर के भीतर अलग व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. राज्य शासन के स्वामित्व वाले विमान एवं हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के लिए भी यह नया स्टेट हैंगर उपयोग में लाया जाएगा. इससे अब एयरपोर्ट परिसर के भीतर स्थित किराए के स्टेट हैंगर पर निर्भरता समाप्त होगी.

इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, माना कैम्प नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के उप सचिव सूरज साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे.

# अमित बघेल की तलाश में परिचितों के घरों पर भी पुलिस दे रही दबिश

**रायपुर, 10 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस समय एक बड़ी खबर सामने आई है। महापुरुषों के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने रविवार को छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के घर पर दबिश दी। लेकिन पुलिस कार्रवाई से पहले ही अमित बघेल पिछली ओर से दीवार कूदकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, रायपुर पुलिस टीम जब उनके घर पहुंची तो वहां भारी पुलिस बल तैनात था। टीम ने उनके मोबाइल नंबर पर भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद पुलिस ने बघेल के करीबी सहयोगियों – शिवेंद्र वर्मा और अजय यादव – के घरों पर भी छापेमारी की।

### कई जिलों और राज्यों में दर्ज केस

रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ महतारी को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए विवादित बयान और पोस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही, दुर्ग जिले के देवेंद्रनगर और कोतवाली थानों में भी अमित बघेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने बीती रात रायपुर और दुर्ग में उनके कई करीबियों के घरों पर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। पुलिस ने उनकी तलाश में टीमें अन्य राज्यों में रवाना कर दी हैं।



### ये है पूरा मामला

26 अक्टूबर को रायपुर के वीआईपी चौक (तेलीबांधा थाना क्षेत्र) में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा टूटी हुई मिली, जिसके बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई। यह वही प्रतिमा थी जो कांग्रेस शासनकाल में राज्यभर में स्थापित की गई थी। घटना के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार पार्टी के सदस्य मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान संगठन प्रमुख अमित बघेल का एक वीडियो सामने आया जिसमें उन्होंने कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### एसएसपी ने की शांति की अपील

रायपुर एसएसपी ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा– थाना कोतवाली और थाना देवेंद्रनगर में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अमित बघेल व अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज है, जिसकी विवेचना जारी है। सर्व समाज से अपील है कि एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर सामाजिक सौहार्द न बिगाड़ें। पुलिस कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। वीडियो में बघेल ने कहा था कि राज्य में महाराजा अग्रसेन, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्तियों को क्यों नहीं तोड़ा जाता। इसके अलावा उन्होंने भगवान झूलेलाल और अन्य महापुरुषों पर भी विवादित बयान दिए थे। घटना के बाद यह मामला तेजी से राजनीतिक रंग लेने लगा। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मूर्ति तोड़ने के आरोपी मनोज कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया, जिसे मानसिक रूप से कमजोर बताया गया है।

वहीं, अमित बघेल के विवादित बयान के बाद चार से अधिक राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। सोशल मीडिया पर उनके खिलाफतीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उसे हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फिर सामने आया ओवर रेट शराब बेचने का मामला

**रायपुर, 10 नवम्बर।** राजधानी में ओवर रेट पर शराब बेचने का मामला एक बार फिर सामने आया है। शहर के मुख्य मार्ग पुलिसलाइन स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में 'गोवा' नामक ब्रांड की शराब को निर्धारित मूल्य से अधिक पर बेचा जा रहा था। जानकारी के अनुसार, पुलिसलाइन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में 'गोवा' ब्रांड की शराब, जिसकी वास्तविक कीमत 120 रुपये प्रति बोतल निर्धारित है, उसे ग्राहकों से 130 रुपये में बेचा जा रहा था। यानी ग्राहकों से प्रति बोतल 10 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे थे, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी है। यह कोई पहला मामला नहीं है जब राजधानी में ओवर रेट पर शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इससे पूर्व भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद, शराब दुकानों द्वारा मनमानी जारी है, जिससे आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस लाइन स्थित शासकीय शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारी ने दुकान में नौकरी लगवाने के लिए मैन पावर सप्लाई करने वाली एजेंसी को एक लाख तीस हजार रूपए की भारी भरकम रकम देकर यह नौकरी हासिल की है।

### छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक पुस्तक का साय ने किया विमोचन



**रायपुर, 10 नवम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडे की पुस्तक छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक का विमोचन किया। अविभाजित मप्र से छत्तीसगढ़ तक करीब 45 साल की पत्रकारिता में पांडे ने 5 पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

साय ने अच्छी पुस्तक के लेखन तथा छत्तीसगढ़ के अतीत को समेटने के लिये लेखक को शुभकामनायें भी दी। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के महापुरुषों, पर्यटन स्थल, प्राचीन इतिहास, राजपरिवारों, मंदिरों का इतिहास तो है, शहरों की बसाहट, छग के सभी सीएम, राज्यपालों प्रमुख घटनाओं, राजनेताओं-साहित्यकारों का उल्लेख है, साथ ही छग के कई अन छुए पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया है।विमोचन कार्य क्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल, विशाल यादव सहित स्नेहा पांडे, मास्टर अंश पांडे भी उपस्थित थे।

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 10 नवम्बर।** रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ का आज चतुर्थ स्थापना दिवस रेलवे स्टेशन रायपुर में सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूरे हर्षोल्लास का साथ मनाया गया।

# सरकार का पूरा जोर शराब की खपत बढ़ा कर काली कमाई करने में : कांग्रेस

**रायपुर, 10 नवंबर।** राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है। छत्तीसगढ़ अवैध शराब का गढ़ बन गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार शराब की काली कमाई में डूबी हुई है।सरकारी वाहनों और सरकारी अमला शराब तस्करी करवाता है।



सरकार का पूरा जोर शराब की खपत बढ़ाने में है। राजनांदगांव में महतारी एक्सप्रेस का उपयोग शराब तस्करी के लिए किया जा रहा था। मुंगेली में स्कूल को अवैध शराब का डंप यार्ड बना दिया गया। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा, राजनांदगांव सहित प्रदेश के सभी शहरों में नकली होलो ग्राम लगा कर अवैध शराब बेची जा रही। पड़ोसी राज्यों उड़ीसा, महाराष्ट्र, झारखंड से बड़ी मात्रा में शराब ला कर प्रदेश में बेची जा रही। शराब के इस अवैध कारोबार में सरकार खुद शामिल है। सरकारी शराब दुकानों से दो नंबर की शराब बेची जा रही है। बिना सरकार के संरक्षण के न अवैध शराब राज्य में आ सकती है और न ही बेची जा सकती है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नकली मिलावटी और अवैध शराब को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में नकली होलो ग्राम वाली शराब पकड़ाये। राजनांदगांव अवैध शराब का केन्द्र बन गया है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में बियर के बोतल में गंदा पानी मिला, जगदलपुर में दर्जनों पेटी अवैध शराब पकड़ाई, मध्यप्रदेश से जगदलपुर तक कई जिलों की सीमा पार कर अवैध शराब की निर्बाध सप्लाई बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है। सरकारी शराब दुकानों में दो गल्ले चल रहे है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में जो बियर की बोतल में गंदा पानी निकल रहा है।

# महाराजबंध तालाब को बचाने दिया धरना

**रायपुर, 10 नवम्बर।** जलाशय महाराजबंध तालाब जो रायपुर के मध्य में स्थित है, आज अत्यंत दयनीय स्थिति में पहुँच चुका है। यह तालाब कलचुरी राजा ब्रह्मदेव के काल में निर्मित हुआ था और धार्मिक रूप से अत्यंत पवित्र स्थल माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान रायपुर प्रवास में दूधधारी मठ में रुके थे और यह क्षेत्र उनके चरणों से पवित्र हुआ था।झ सदियों से यह स्थान संतों, साधुओं और श्रद्धालुओं का केंद्र रहा है, किंतु आज इसकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। तालाब में गंदगी और कचरे का अंबार लगा है, जलकुंभी और खरपतवार ने पूरे क्षेत्र को ढँक लिया है, और वर्षों से कोई गहरीकरण कार्य नहीं हुआ। घरों और नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में गिर रहा है, जबकि एस.टी.पी. प्लांट निष्क्रिय पड़ा हुआ है।

शासन द्वारा तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण हेतु करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए थे, किंतु अधिकांश योजनाएँ केवल कागज़ों तक सीमित हैं। सीमांकन न होने से अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है, और विसर्जन कुंड के अभाव में मूर्तियाँ व झांकियाँ तालाब में ही सड़ रही हैं। परिणामस्वरूप स्थानीय लोग बदबू, मच्छरों और बीमारियों से परेशान हैं, और मॉर्निंग वॉक जैसी गतिविधियाँ भी अब असंभव हो चुकी हैं। इतिहास और आस्था का प्रतीक यह धरोहर अब राजनीति और प्रयोगों का विषय बनकर रह गई है। ग्रीन आर्मी ने तालाब को बचाने धरना दिया। आर्मी ने मांग की है कि तालाब का तत्काल गहरीकरण, सफाई और पुनर्जीवन कार्य शुरू किया जाए। नालियों और घरों का गंदा पानी तालाब में गिरने से रोका जाए।



### ग्रीन आर्मी का संकल्प

यदि शासन-प्रशासन एक माह (10 दिसंबर 2025) तक ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ स्थानीय नागरिकों के सहयोग से महाराजबंध तालाब पुनर्जीवन अभियान 11 दिसंबर 2025 से स्वयं प्रारंभ करेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, ब्लू विंग अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु, ब्राउन विंग अध्यक्ष पंडित विनीत शर्मा, तथा ग्रीन आर्मी के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने की एसआईआर का समय तीन माह आगे बढ़ाने की मांग

**रायपुर, 10 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस की एसआईआर की निगरानी के लिए बनी कमेटी के संयोजक मोहन मरकाम ने एसआईआर के समय को अव्यहारिक बताते हुए इसे तीन माह बागे बढ़ाने की मांग ाी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई और मिसाई का काम चल रहा है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता बीएलओं को नहीं मिल पाएंगे। एसआइआर न होने से उनका नाम छूट जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने सभी 24 हजार मतदान केंद्रों के लिए बीएलए की नियुक्ति की है। राजीव भवन में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी इपनी मांग को लेकर जल्द ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर कारण सहित अपनी मांगों को रखेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस के लीड वाले बूथों में मतदाता काटने का षडयंत्र एसआईआर के माध्यम से कर रही है। वोट चोरी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जो आरोप लगाए हैं उनका जवाब निर्वाचन आयोग ने नहीं दिया है। भाजपा लगातार मतदाता सूची में गड़बड़ी की चुनाव जीत रही है। निर्वाचन आयोग भाजपा के साथ मिलकर मतदाता सूची में फर्जी वोटर जोड़ने का काम कर रही है।

**पुराने दिनों की यादें** / सेंटपॉल स्कूल के 1983 बैच के छात्रों का मिलन समारोह

# 42 साल पुराने विद्यार्थियों की लगी क्लास

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** सेंटपॉल स्कूल 1983 बैच के छात्रों ने आज राजधानी में मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें उस समय के शिक्षक एन. के. डेविड मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में 1983 बैच के विद्यार्थियों की कक्षा ली। पर इस बार उनकी कक्षा में सभी विद्यार्थियों की आयु लगभग 60 साल की रही। समारोह में राजीव जैन नाइजीरिया विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। राजधानी में आयोजित सेंटपॉल स्कूल 1983 बैच के छात्रों के मिलन समारोह में एक बार फिर 42 वर्षों के पश्चात कक्षा लगी, सर्वप्रथम तत्कालीन शिक्षक एन.के. डेविड ने सभी छात्रों से परिचय प्राप्त किया। श्री डेविड सर का सभी ने पुष्प हार से स्वागत किया उपरांत डेविड सर ने क्लास ली।



उनकी कक्षा से जुड़े संस्मरण को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया, कि उनकी शिक्षा का ही परिणाम है कि सभी ने जीवन मे माता पिता के सपनों को साकार किया। शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से डेविड सर को सम्मानित किया गया।राजधानी में आयोजित सेंटपॉल स्कूल 1983 बैच के छात्रों के मिलन समारोह में प्रमुख रूप से कमोडोर अजय बिसेन, नाइजीरिया से विशिष्ट रूप से उपस्थित राजीव जैन, डॉ.मेघेश तिवारी, शिरीष तिवारी, आदित्य झा, सुधाकर राव, चंद्रशेखर, विकास दुबे, विकास घाणेकर, अमित खेमका, सत्यप्रकाश झुन झुन वाला, शरद वरु प्रमुख रूप से उपस्थित थे।समारोह का संचालन अजय बिसेन ने किया।आभार प्रदर्शन आदित्य झा ने किया।

# भाजपा ने शुरू किया मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान

**रायपुर, 10 नवम्बर।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला गुढियारी मंडल और तात्यापारा मंडल में संपन्न हुई, जिसमें बूथ स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बीएलओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुढ़ियारी मंडल की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं तात्यापारा मंडल में रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिया।

**एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा का विशेष प्रशिक्षण:** भाजपा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को गहराई से समझाना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था। 4 नवम्बर से प्रदेशभर में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। भाजपा ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है।

**प्रत्येक कार्यकर्ता बने बीएलओ का सहयोगी:** प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके। जहां बीएलओ नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भाजपा कार्यकर्ता स्वयं पहल करें।

### राजेश मूणत का कांग्रेस पर हमला

रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर जनता के बीच गलत संदेश फैला रही है, जबकि यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है। भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस प्रक्रिया में निर्णायक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई फर्जी मतदाता सूची में न रहे और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई बार पुनरीक्षण प्रक्रिया हुई है, लेकिन पहली बार इतनी गंभीरता और व्यापक स्तर पर इसे लागू किया जा रहा है। यह अभियान लोकतंत्र और राष्ट्र को सशक्त बनाने वाला है। कांग्रेस की चुप्पी बताती है कि वे आज भी जनता को भ्रमित करने की राजनीति में उलझे हैं, उन्होंने जोड़ा। भाजपा ने संकल्प लिया कि एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से चलाया जाएगा। कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे।

**एजेंसी देनी है**

**'दैनिक तरुण छत्तीसगढ़' की प्रदेश के अप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में एजेंसी देनी है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।**

**संपर्क:- 7999952703, 9826194896**

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26